संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | देहरादून, सोमवार, 14 अगस्त 2023 ₹ 1 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर करनाल जिला के गांव दनियालपुर में जनसंवाद कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 14 अंकः 216 पृष्ठः 08

RNI : UTTHIN/2009/31653

actionindiaddn@gmail.com | उत्तराखण्ड संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## हर घर "तिरंगा" फहरा कर मनाएं आजादी का अमृत महोत्सवः धामी

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी प्रदेशवासियों से इस वर्ष भी "हर घर तिरंगा" अभियान के तहत "तिरंगा" फहरा कर आजादी का अमृत महोत्सव मानने की अपील की है। मुख्यमंत्री धामी ने प्रदेश की जनता के नाम एक जारी संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर हम सभी "हर घर तिरंगा" अभियान में भाग लें। आइए पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी हम सब "हर घर तिरंगा" अभियान में भाग लेकर, हर घर तिरंगा और अपने कार्यालय पर तिरंगा फहराएं और आजादी के अमृत महोत्सव को मनाएं।

## महाकालेश्वर मंदिर में शीघ्र दर्शन से हुई पांच करोड़ से अधिक की आय

**उज्जैन।** महाकालेश्वर मंदिर में शीघ्र दर्शन से पांच करोड़ रुपये से अधिक की आय हुई है। मंदिर में सरल, सुगम, सुलभ दर्शन हेतु प्रशासन द्वारा व्यवस्था की गई है। यह जानकारी रविवार को मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक एवं अपर कलेक्टर संदीप कुमार सोनी ने दी। उन्होंने बताया कि श्री महाकालेश्वर मंदिर द्वारा दर्शनार्थियों की सुविधा हेतु शीघ्र दर्शन की व्यवस्था है, जिसमें भक्त रुपये 250 रुपये प्रति श्रद्धालु के मान से भेट राशि प्रदाय कर रसीद प्राप्त कर श्री महाकालेश्वर भगवान के शीघ्र दर्शन कर सकते है। सोनी में बताया कि श्रावण माह में दिनांक 01 जुलाई से 10 अगस्त तक रुपये 250 रुपये शीघ्र दर्शन की रसीद से मंदिर प्रबंध समिति को रुपये 05 करोड़ 84 लाख 24 हजार 2 सौ 50 की आय हुई है।

# 'हर घर तिरंगा अभियान ने एक नई ऊर्जा भरी'

## पीएम ने सोशल मीडिया अकाउंट्स की डीपी में तिरंगा लगाया, डीपी चेंज कर देश के साथ अपने रिश्ते को गहरा करने में सहयोग करें

**अपील**

**8 केंद्रीय मंत्रियों और भाजपा के मुख्यमंत्रियों ने भी इसके बाद सोशल मीडिया एकाउंट की डीपी बदल ली**





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**पीएम** नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर रविवार (13 अगस्त) को अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स की प्रोफाइल पिक्चर बदल ली है। उन्होंने देशवासियों से भी ऐसा करने की अपील की है। पीएम ने ट्वीट कर लोगों से कहा कि देश के साथ अपने रिश्ते को और गहरा करने की दिशा में सहयोग करें और ये कदम उठाएं।

पीएम नरेंद्र मोदी ने फेसबुक और ट्विटर पर अपने अकाउंट्स की प्रोफाइल पिक्चर बदलकर तिरंगे झंडे की तस्वीर लगाई है। पीएम मोदी ने ट्विटर पर अपने पोस्ट में लिखा कि 'हर घर तिरंगा आंदोलन की भावना में, चलें अपने सोशल मीडिया अकाउंट की डी पी बदलते हैं और देश के साथ अपने रिश्ते को और मजबूत और गहरा करने की दिशा में अपना सहयोग देते हैं।' केंद्रीय मंत्रियों और भाजपा के मुख्यमंत्रियों ने भी इसके बाद अपने सोशल मीडिया एकाउंट की डीपी बदल ली।

**पीएम मोदी ने शुरू किया था 'हर घर तिरंगा अभियानः** आजादी के 75 साल पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल 22 जुलाई को 'हर घर तिरंगा' अभियान की शुरूआत की थी। 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अवसर प्रधानमंत्री ने अभियान शुरू किया था। बीते 11 अगस्त, 2023 (शुक्रवार) पीएम मोदी ने इस साल 13 से 15 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा' आंदोलन में हिस्सा लेने की देशवासियों से अपील की।

**वेबसाइट पर अपनी तस्वीरें अपलोड करने की अपील**

प्रधानमंत्री नरेंद्रें मोदी ने ट्वीट कर लिखा था कि हर घर तिरंगा अभियान ने आजादी के अमृत महोत्सव में एक नई ऊर्जा भरी है। देशवासियों को इस साल इस अभियान को एक नई ऊंचाई पर ले जाना है। आइए, 13 से 15 अगस्त के बीच देश की आन-बान और शान के प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज को फहराएं।

### सीमाएं होंगी सील, यमुना में भी कमांडो तैनात

**शाहदरा** जिला पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा ने रविवार को टीम के साथ यमुना में गश्त भी की। इसके अलावा लाल किले की दीवार से दिल्ली की सीमाओं तक सुरक्षा के अचूक व पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सभी सीमाएं सोमवार से सील कर दी जाएंगी। कड़ी जांच के बाद ही वाहनों को दिल्ली में प्रवेश मिलेगा। दिल्ली पुलिस आतंकी व बदमाशों से संबंधित सूचनाओं को लेकर पड़ोसी राज्यों की पुलिस के भी संपर्क में है।

### अभेद्य किले में तब्दील हुई दिल्ली, 10 हजार से अधिक जवान तैनात, चप्पे-चप्पे पर पैनी नजर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए देश की राजधानी दिल्ली तैयार है। ऐसे में सुरक्षा के लिहाज से दिल्ली किले में तब्दील हो गई है। 1000 फेस रिकग्निशन कैमरे, एंटी-ड्रोन सिस्टम और 10,000 से अधिक पुलिस लाल किले और आसपास तैनात रहेंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों के जुटने की उम्मीद है, क्योंकि दो साल की अवधि के बाद कोई कोविड-19 प्रतिबंध नहीं है। विशेष पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) दीपेंद्र पाठक ने कहा कि इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस बिना किसी कोविड-19 प्रतिबंध के पूरे उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इसलिए, पुलिस की मजबूत और पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित की जाएगी।

सुरक्षा के नजरिये से अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर जानकारी भी साझा करेंगे। दिल्ली पुलिस सुरक्षा उद्देश्यों के लिए तकनीकी प्रणालियों का भी उपयोग करेगी। प्रधानमंत्री के रूट से लेकर लाल किले के आसपास कई किलोमीटर के दायरे पर सुरक्षाकर्मी व खुफिया एजेंसियां नजर रखेंगी।

लाल किले के आसपास 11 बजे तक वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद रहेगी। केवल आपातकालीन और विशेष लेबल वाले वाहनों को गुजरने की अनुमति होगी।

## स्वास्थ्य सेवाओं में ई-गवर्नेंस के लिए यूपी को मिलेगा पुरस्कार

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**उत्तर** प्रदेश में ई-गवर्नेंस को बढ़ावा दे रही योगी सरकार को एक और बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। स्वास्थ्य सेवाओं में ई गवर्नेंस के लिए उत्तर प्रदेश सरकार को केंद्र सरकार की ओर से सम्मानित किया जाएगा। भारत सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग ने 'डिलीवरी प्वाइंट हेल्थ फैसिलिटीज' के लिए शुरू की गई परियोजना/पहल 'मां नवजात ट्रैकिंग एप्लिकेशन' (मंत्रा) के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन-उत्तर प्रदेश (एनएचएम-यूपी) को सिल्वर अवार्ड से सम्मानित करने के लिए चुना है।

## नूंहः हिंसा के बाद फिर निकलेगी ब्रजमंडल यात्रा

**नूंह/पलवल:** हरियाणा के नूंह में फिर ब्रजमंडल यात्रा निकालने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए 28 अगस्त का दिन तय किया गया है। हालांकि प्रशासन से बातचीत के बाद तारीख आगे-पीछे भी की जा सकती है। यह फैसला रविवार को पलवल में हुई हिंदू महापंचायत में लिया गया। 31 जुलाई को इसी यात्रा के दौरान जमकर हिंसा और आगजनी हुई थी। जिसमें 6 लोगों की मौत हो गई थी।

## 9 करोड़ ग्रामीणों को घर-घर नल से जल का तोहफा देगी योगी सरकार

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**योगी सरकार** जल जीवन मिशन की हर घर जल योजना से उत्तर प्रदेश के 9 करोड़ ग्रामीणों को नल से जल का तोहफा देकर 77वें स्वतंत्रता दिवस को यादगार बनाएगी। इस दिन यूपी के डेढ़ करोड़ से अधिक घरों तक नल से जल की सप्लाई शुरू हो जाएगी। यह पहला मौका होगा, जब राज्य के आधे से ज्यादा ग्रामीण परिवारों को स्वतंत्रता दिवस पर इतनी बड़ी सौगात मिलेगी। हर घर को नल से जल मिलने से जहां गांव-गांव में रहने वाले ग्रामीणों के चेहरों पर खुशियां आएंगी, वहीं पानी के लिए मीलों का सफर तय करने वाली महिलाओं को भी राहत मिलेगी। राज्य सरकार की पहल पर स्वच्छ पेयजल मिलने से न केवल ग्रामीणों के स्वास्थ्य में सुधार आएगा, बल्कि उनका जीवन स्तर भी काफी बेहतर होगा। सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने 15 अगस्त को यूपी के डेढ़ करोड़ ग्रामीण परिवारों तक नल कनेक्शन पहुंचाने की तैयारियों की समीक्षा कर अधिकारियों से कहा कि प्रतिदिन नल कनेक्शन प्रदान करने की गति कम नहीं होनी चाहिये।



**नल कनेक्शन**

**8 आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में आधे से अधिक ग्रामीण परिवारों को स्वच्छ पेयजल मिलने का सपना होगा पूरा**







# अतिवृष्टि से 650 करोड़ रुपये का नुकसान, केंद्रीय टीम ने किया नुकसान का आकलन

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

उत्तराखंड में मानसून सीजन में अतिवृष्टि से 650 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। अभी आगे और बढ़ोतरी हो सकती है। केन्द्र सरकार की टीम राज्य में तीन दिन तक कृषि सहित अन्य क्षेत्रों में हुए नुकसान का सर्वेक्षण कर लौट गई है। केन्द्र सरकार की रिपोर्ट के आधार पर मुआवजा की राशि तय की जाएगी। हर्ष गुप्ता (आईएएस) संयुक्त सचिव एनडीएमए भारत सरकार की अध्यक्षता में 9 सदस्यीय आईएमसीटी टीम जिला हरिद्वार के आपदा प्रभावित क्षेत्र के दौरे पर आई थी। केंद्रीय टीम ने राज्य में प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए तीन दिन हरिद्वार आपदा प्रभावित कई क्षेत्रों में कृषि व अन्य नुकसान का स्थलीय निरीक्षण कर



जायजा लिया। यह टीम केन्द्र सरकार को नुकसान की रिपोर्ट सौपेंगी। उसी के आधार पर उत्तराखंड को डिजास्टर रिलीफ फंड जारी किया जाएगा। आपदा सचिव डॉ. रंजीत सिन्हा ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि पहले नुकसान का आकलन मौसम समाप्त होने पर होता था, लेकिन अब मौसम के बीच में नुकसान की एक विस्तृत आकलन रिपोर्ट के साथ तैयार की जा रही है। यह कार्य पहली बार हो रहा है। पिछले दिनों तक 650 करोड़ रुपये से अधिक की क्षति हुई है। आगे और भी नुकसान में बढ़ोतरी हो सकती है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार को एक नुकसान का मेमो भेजेंगे। एसडीआरएफ और एनडीआरएफ से नुकसान की कितनी भरपाई हो सकती है। इसके अलावा क्षति को पूरा करने के लिए केन्द्र से सहयोग के लिए मेमो भेज कर मांग की जाएगी। केंद्रीय टीम के दौरे को लेकर आपदा प्रबंधन सचिव डॉ. सिन्हा ने बताया कि भारत सरकार की टीम ने पूरे तीन दिन तक उत्तराखंड में रहकर आपदा से हुए नुकसान के क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने हरिद्वार में कृषि सहित अन्य नुकसान की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान एक प्राथमिक रिपोर्ट तैयार की गई है जो कि केन्द्र और राज्य दोनों को साझा की गई। यही टीम अपनी रिपोर्ट को केन्द्र सरकार को सौपेंगी। उसी रिपोर्ट के आधार पर मुआवजा राशि देने की आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## संत निरंकारी मिशन की वननेस वन ब्रांच ने किया पौधरोपण



**हरिद्वार**

निरंकारी मिशन द्वारा समाज कल्याण के भाव से प्रेरित अगस्त, 2021 में पर्यावरण संरक्षण के उपलक्ष्य में वननेस वन नामक एक मेगा परियोजना का आरम्भ किया गया था।

इस परियोजना का लक्ष्य वृक्षों के समूह का रोपण करना और इनकी देखभाल करना था।

इसके अंतर्गत संपूर्ण भारतवर्ष के लगभग 500 से भी अधिक स्थानों पर रविवार को मेगा पौधरोपण अभियान का आयोजन किया गया। इसी के तहत ज्वालापुर ब्रांच के सेवादारों ने सामुदायिक केंद्र, शिवालिक नगर में पौधरोपण मंगत राम जखमोला के नेतृत्व में किया गया।

उन्होंने बताया कि निरंकारी मिशन दिन रात मानवता की सेवा में लगा हुआ है। बाबा हरदेव के कहे गए शब्द ह्यप्रदूषण अंदर हो या बाहर दोनों ही हानिकारक हैं, इस कथन को निरंकारी मिशन कई वर्षो से विभिन्न सामाजिक धर्मार्थ गतिविधियों में भागीदारी लेने के लिए एक प्रेरक शक्ति के रूप में उपयोग कर रहा है। आज लगभग 7080 पौधे लगाए गए।

## अवैध कटान और मांस बिक्री की सूचना पर पुलिस ने की छापेमारी, दो गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**



अवैध रूप से पशुओं का कटान कर बूचड़खाना चलाने और बिना लाइसेंस मांस का विक्रय करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम में कार्रवाई किये जाने के लिए एसएसपी द्वारा दिए गए निर्देश पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को मांस के साथ गिरफ्तार किया है।

जनपद के कोतवाली लक्सर क्षेत्र के कस्बा सुल्तानपुर में पशुओं का अवैध कटान कर बिना लाइसेंस मांस विक्रय करने की सूचना मिलने पर क्षेत्राधिकारी लक्सर व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली लक्सर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सुल्तानपुर क्षेत्र में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान वसीम, कसीम निवासीगण सुल्तानपुर लक्सर, हरिद्वार, शानू, अफजाल निवासीगण मोहल्ला मीरावाला सुल्तानपुर लक्सर हरिद्वार की दुकानों पर 03 क्विंटल भैंस का मांस व भारी मात्रा में मांस काटने के उपकरण और इलेक्ट्रानिक तराजू बरामद किये।

मौके से आरोपित वसीम और कसीम को मौके से पशु क्रूरता अधिनियम के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया, जबकि शानू, अफजाल छापेमारी के दौरान मौके से फरार हो गये। मौके पर पशु चिकित्सक को बुलाकर वैधानिक कार्रवाई की गयी। इस मामले में आरोपितों के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है, जबकि फरार आरोपितों की तलाश की जा रही है।

## ऋषिकेश-गंगोत्री हाईवे हिंडोलाखाल के पास दूसरे दिन भी बंद

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

हिंडोलाखाल में सिलवन के पास पहाड़ी से मलबा आने से ऋषिकेश-गंगोत्री हाईवे बंद हो गया। लगातार हो रही बारिश के कारण मलबा आने से परेशानी बढ़ रही है। वहीं कोटद्वार-पौड़ी हाईवे ढाई घंटे ठप रहा है। ऋषिकेश-गंगोत्री हाईवे हिंडोलाखाल के पास दूसरे दिन भी बंद रहा।

सिलवन में पहाड़ी से आए मलबे को लगातार जेसीबी व पोकलैंड से हटाया जा रहा है। एनएच पर यातायात बहाल नहीं होने से छोटे वाहनों का संचालन आगराखाल-घ्यूली-भोगपुर थानों मोटर मार्ग से किया जा रहा है।

टिहरी से ऋषिकेश, देहरादून और हरिद्वार जाने वाले बड़े वाहनों का संचालन धनोल्टी-मसूरी होते हुए किया जा रहा है। हाईवे बंद होने से नई टिहरी में पेट्रोल की किल्लत बढ़ गई है। एनएच पर बीते दिन शुक्रवार को जहां दो घंटे ही ट्रैफिक चल पाया था वहीं शनिवार को यह मोटर मार्ग दिनभर बंद रहा।

हिंडोलाखाल में सिलवन के पास शुक्रवार को दोपहर 12 बजे पहाड़ी से मलबा आने से हाईवे बंद हो गया। मलबा हटाने के लिए दिन-रात तीन जेसीबी और एक पोकलैंड मशीन लगाई गई है लेकिन क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के कारण करीब डेढ़ सौ मीटर ऊपर पहाड़ से लगातार भूस्खलन हो रहा है।

## तीन और नई नीतियों पर लगेगी मुहर

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

उत्तराखंड में आयुष व वेलनेस की संभावना को देखते हुए आयुष नीति, पर्वतीय क्षेत्रों में बागवानी उत्पादों का उत्पादन बढ़ाने और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग लगाने के लिए सेब नीति बनाई जा रही है। प्रदेश में अलग-अलग क्षेत्रों में निवेश के लिए निवेशकों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार नई नीतियां बना रही और पहले से लागू नीतियों में संशोधन कर रही है। अगली कैबिनेट बैठक में तीन और नीतियों पर मुहर लगेगी। इसमें सेवा क्षेत्र, आयुष और सेब नीति शामिल है। विभागों ने इन नीतियों का ड्राफ्ट तैयार कर लिया है।

प्रदेश में राजस्व बढ़ोतरी के लिए सरकार का सेवा क्षेत्र के उद्योगों



में निवेश पर विशेष जोर है। इसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, आईटी में निवेशकों को प्रोत्साहित करने के लिए पहली बार सेवा क्षेत्र नीति बनाई जाएगी। प्रदेश में नए अस्पताल, उच्च शिक्षा संस्थान और आईटी संस्थानों में निवेश के लिए सरकार की ओर से प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसके अलावा उत्तराखंड में आयुष व वेलनेस की संभावना को देखते हुए आयुष नीति, पर्वतीय क्षेत्रों में बागवानी उत्पादों का उत्पादन बढ़ाने और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग लगाने के लिए सेब नीति बनाई जा रही है।

### नीतियों को निवेशकों के समक्ष रखा जाएगा

सचिव मुख्यमंत्री आर. मीनाक्षी सुंदरम ने बताया कि निवेशक सम्मेलन के लिए नीतियों तैयार करने का काम लगभग पूरा हो गया है।

अगली कैबिनेट में सर्विस सेक्टर, आयुष और सेब नीति का प्रस्ताव मंजूरी के लिए रखा जाएगा। रोड शो के दौरान अलग-अलग क्षेत्रों की नीतियों को निवेशकों के समक्ष रखा जाएगा।

## जनभागीदारी करने वाले विशिष्टजन लाल किले के स्वतंत्रता समारोह में आमंत्रित

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

केंद्र और सरकार की योजनाओं और समाज में 'जनभागीदारी' सुनिश्चित करने वाले उत्तराखंड के विशिष्ट लोग दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले में स्वतंत्रता दिवस समारोह के साक्षी बनेंगे। ऐसे विभिन्न क्षेत्रों के विशिष्टजनों ने अपने को विशेष अतिथि के रूप में देश की राजधानी में होने वाले आजादी के पर्व समारोह में आमंत्रित करने पर बहुत खुशी जतायी है।

इस आमंत्रण के तहत वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के सरपंच, शिक्षक, नर्स, किसान, मछुआरे, किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ), सेंट्रल विस्टा परियोजना, अमृत सरोवर योजना, जल जीवन मिशन, पीएम किसान सम्मान निधि, कौशल विकास योजना आदि जैसे प्रमुख कार्यक्रमों में काम करने वाले लोग शामिल हैं । विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को ह्यविशेष अतिथिह्ण के रूप इस स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया गया है।

उत्तराखंड के विभिन्न केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थी 15 अगस्त को दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले में विशेष अतिथि के रूप में स्वतंत्रता दिवस समारोह के साक्षी बनेंगे। जल जीवन मिशन, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, अमृत सरोवर योजना, सेंट्रल विस्टा परियोजना आदि जैसे विभिन्न प्रमुख कार्यक्रमों से संबंधित लगभग 1,700 लोगों को प्रतिष्ठित स्मारक की प्राचीर से प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्र के नाम संबोधन को सुनने के लिए आमंत्रित किया गया है।

उत्तराखंड के आमंत्रित लोगों में नैनीताल के ग्राम रणजीतपुर (कोटाबाग) के दिनेश चंद्रा त्रिपाठी का नाम शामिल है। दिनेश चंद्र त्रिपाठी 521 किसानों के साथ एक किसान उत्पादक संगठन चलाते हैं। उन्होंने लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लाइव सुनने के लिए अपनी खुशी और उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह उनके और उनकी पत्नी रीनू त्रिपाठी के लिए गर्व का क्षण है। त्रिपाठी ने कहा कि उनके एफपीओ बुरांश फार्मर प्रोड्यूस कंपनी लिमिटेड का उद्देश्य प्रधानमंत्री के किसानों की दोगुनी आय के सपने को साकार करना है।

## उत्तराखंड में 17 अगस्त तक बारिश को लेकर अलर्ट, 02 राष्ट्रीय मार्ग सहित 158 सड़कें बाधित

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

उत्तराखंड में भारी बारिश और तबाही से जूझ रहे लोगों को अभी बरसात से राहत नहीं मिलने वाली है। राज्य में गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं भारी से बहुत भारी बारिश को लेकर 14 अगस्त के लिए रेड, ऑरेंज और 17 अगस्त तक के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस चेतावनी को लेकर सभी जिला अधिकारियों और आपदा विभाग को अलर्ट पर अलर्ट मोड पर रखा गया है। बरसात का कहर आगे भी जारी रहेगा। प्रदेश भर में 02 राष्ट्रीय और 02 बॉर्डर मार्ग सहित कुल 158 सड़कें अवरुद्ध हैं। देहरादून सहित राज्य भर में देर रात से शुरू बारिश का सिलसिला रविवार दोपहर तक रुक-रुक कर जारी है। असमान पूरी तरह से बादलों से पटा हुआ है। लगातार



हो रही बारिश से तापमान में गिरावट आने से मौसम में ठंडेपन का प्रभाव बना हुआ है। लगातार हो रही बारिश से सड़कें बंद होने और खुलने का सिलसिला जारी है। बारिश के चलते मार्ग खोलने में दिक्कतें आ रही हैं। मौसम विभाग की ओर से जारी पूवार्नुमान में आज और अगस्त से 14 अगस्त के लिए राज्य में देहरादून, पौड़ी गढ़वाल, टिहरी गढ़वाल, चंपावत, नैनीताल,उधम सिंह नगर जिले में गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं अत्यंत भारी से बहुत भारी बारिश के तीव्र दौर को लेकर येलो अलर्ट और हरिद्वार जिले के लिए आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। उत्तरकाशी, चमोली,रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़,बागेश्वर और अल्मोड़ा के लिए येलो अलर्ट 14 अगस्त तक है। राज्य भर में सभी जिलों के लिए 15 से 17 अगस्त के लिए गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं भारी बारिश के तीव्र से अति तीव्र दौर को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया हैं। इस दौरान संवेदनशील में भूस्खलन और चट्टान गिरने की संभावना है। इसके साथ ही निचले इलाकों में जल भराव की स्थिति और कच्चे घरों को नुकसान हो सकता है। नदी नालों के पास रहने वालों लोगों को सतर्क रहने को कहा गया है।

राज्य आपदा परिचालन केंद्र के अनुसार प्रदेश में 02 राष्ट्रीय और 02 बॉर्डर व 09 राज्य मार्ग सहित कुल 158 सड़कें अवरुद्ध हैं। टिहरी जिले में ऋषिकेश-चम्बा-धरासू राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-94) कुंजनपुरी के समीप और ऋषिकेश-देवप्रयाग-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग 07 (एनएच-58) तोताघाटी, कोडियाला, व्यासी व शिवपुरी के अवरुद्ध हैं। पिथौरागढ़ जिले में दो बॉर्डर मार्ग बाधित हैं। बंद मार्गों को खोलने की कार्रवाई की जा रही है।

आपदा सचिव डॉ. रंजीत सिन्हा ने बताया कि 14 अगस्त तक रेड अलर्ट जारी है। राज्य में एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और प्रशासन की अन्य टीम अलर्ट पर है। इसके अलावा दो हेलिकॉप्टर भी लगी है। कहीं भी कोई दिक्कत आती है तो उससे निपटने के लिए टीमें पूरी तरह से तैयार हैं।

## डीएवी(पीजी) कॉलेज: स्नातक प्रवेश प्रक्रिया अंतिम चरण में

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

डीएवी (पीजी) कॉलेज देहरादून में सीयूईटी-2023 के आधार पर स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश प्रक्रिया अंतिम चरण में है। आगामी सत्र की इंडक्शन मीटिंग और कक्षाओं की समय सारणी जारी कर दी गयी है।

डीएवी कॉलेज, देहरादून की ओर से सीयूईटी- 2023 स्नातक परीक्षा परिणाम के आधार पर बी.ए., बी.एससी., बी.कॉम. प्रथम वर्ष में प्रवेश प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में है।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. के. आर 2023-24 ने बताया कि सीयूईटी की परीक्षा के आधार पर स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश प्रक्रिया अंतिम चरण में है। छात्र हित में और विश्वविद्यालय के वार्षिक कार्यक्रम के तहत, सत्र की कक्षाएं प्रारंभ की जा रही हैं। सभी स्नातक प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को अपने विषय और शिक्षकों से एक प्रारंभिक परिचय के इंडक्शन मीटिंग का विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया गया है।

अठारह अगस्त को कला संकाय की, 19 अगस्त को विज्ञान संकाय की और 22 अगस्त को वाणिज्य संकाय की इंडक्शन मीटिंग का आयोजन किया जा रहा है। सभी छात्र छात्राओं से अपेक्षा है कि वे कार्यक्रम में उपस्थित होकर आगामी सत्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार पाठ्यक्रम को और अपने विभागाध्यक्ष और विभाग के शिक्षकों से विषय के बारे में प्रारंभिक जानकारी ले लिया जाए। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. के. आर. जैन ने बताया कॉलेज स्तर पर इस तरह का आयोजन छात्रों को प्रारंभिक स्तर पर ही अपने कॉलेज और विभाग और शिक्षकों से जोड़ देता है, जिससे उसे अपने अध्ययन के दौरान सहजता रहती है। प्रवेश समिति के संयोजक प्रोफेसर डॉक्टर आरके शर्मा ने बताया कि कॉलेज ने इस तरह की परंपरा को विगत वर्षों से ही प्रारंभ किया है।

प्राचार्य प्रो. केआर जैन ने बताया कि सीयूईटी 2023 स्नातक परीक्षा परिणाम के आधार पर बी.ए., बी.एससी., बी.कॉम. प्रथम वर्ष में प्रवेश प्रक्रिया की द्वतीय मेरिट सूची जारी कर दी गई है। जिससे प्रवेश 14,16 और 17 अगस्त को किए जाएंगे। सूची कॉलेज की वेबसाइट पर उपलब्ध है। जो छात्र-छात्राएं मेरिट सूची में स्थान बना पाए हैं। वह अपने संपूर्ण आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रवेश समिति के सामने 10:30 से 1:30 के मध्य उपस्थित हों।

## वरिष्ठ नागरिक और अधिकारी-कर्मचारी हुए सम्मानित



**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**

प्रतापनगर समग्र जन कल्याण समिति की बैठक वेडिंग प्वाइंट, नई टिहरी में हुई। इसमें प्रतापनगर की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करने के बाद प्रतापनगर के प्रमुख अधिकारी-कर्मचारियों और वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया। समिति के अध्यक्ष गुरु प्रसाद भट्ट ने कहा कि यह कर्मचारी निरंतर प्रतापनगर की समस्याओं के समाधान व जन समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहते हैं, जबकि वरिष्ठ नागरिकों का मार्गदर्शन समिति के संचालन में बना रहता है।

बैठक में समिति ने वरिष्ठ सम्मानित नागरिकों में कमल सिंह महर, त्रिलोक रमोला, टीकम सिंह चौहान, नरोत्तम दत्त जखमोला, पुरुषोत्तम सिंह चौहान, मोतीराम रतूड़ी, योगेंद्र सिंह नेगी, भगवान सिंह पंवार और अधिकारी-कर्मचारियों में सहायक कोषाधिकारी कैलाश चंद रमोला, ईओ नगर पालिका नई टिहरी हयात सिंह रौतेला, प्रवक्ता मनबीर सिंह नेगी, प्रशासनिक अधिकारी सीएमओ कार्यालय राकेश भट्ट, प्रशासनिक अधिकारी सिंचाई विभाग राजीव नेगी, सेनेटरी इंस्पेक्टर नई टिहरी पालिका प्रीतम नेगी, नाजर सीडीओ कार्यालय विजय पाल चौहान, अध्यापक मनोज खंडवाल और शासकीय अधिवक्ता अजय सिंह रावत को शाल ओढ़ाकर मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया।

सम्मान कार्यक्रम से पूर्व बैठक में प्रतापनगर की समस्याओं पर चर्चा करते हुए वक्ताओं ने कहा कि प्रतापनगर को टिहरी बांध के कारण के सबसे ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ा है। अब प्रतापनगर की समस्याओं के समाधान के लिए एक सामूहिक प्रयास की जरूरत है। जिसके लिए प्रतापनगर तहसील में अधिकाधिक विभागों को खुलवाने का प्रयास होना चाहिए।

## खदरी में जंगली हाथी के आतंक से ग्रामीण दहशत में

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**

श्यामपुर न्याय पंचायत की ग्राम सभा खदरी खड़क माफ में एक दांत वाले हाथी आतंक का पर्याय बना हुआ है।

शनिवार की रात बोक्सा जनजाति बाहुल्य क्षेत्र वार्ड नम्बर 6 में जंगली हाथी मक्का खाने के चक्कर में विजय रयाल की गौशाला की दीवार तोड़कर आंगन में आ धमका। दीवार गिरने की आवाज सुनकर पड़ोसी निर्मला जैन, सुरेन्द्र सिंह, प्रीति देवी बाहर आये तो सामने विशालकाय जंगली हाथी को देखकर वे घबरा गए। उन्होंने बमुश्किल शोर कर हाथी को भगाया।

शोर सुनकर जंगली हाथी मोहल्ले



के बीचोबीच होता हुआ गांव की ओर बढ़ गया। तीन सौ मीटर की दूरी पर स्थित स्थानीय ग्रामीण भगवती प्रसाद रयाल पुत्र प्रेम लाल रयाल ने बताया कि बीती रात को जंगली हाथी ने उनके आवास की चारदीवारी ढहा दी और उनके पालतू कुत्ते पर हमला कर गर्दन तोड़ दी। जंगली हाथी के हमले से कुत्ता डरा सहमा हुआ है और दर्द से चिल्ला रहा है।

स्थानीय निवासी और जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला गंगा सुरक्षा समिति के नामित सदस्य पर्यावरणविद विनोद जुगलान का कहना है कि एक ओर गांव की सीमा पर स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान के समीप गुलदार की आमद से ग्रामीण भयभीत हैं। वह मवेशियों को अपना शिकार बना रहा है तो दूसरी ओर आबादी क्षेत्र में अब तक जंगली हाथी ने एक दर्जन के लगभग चहारदीवारी ढहा दी हैं। भारी बर्षात के कारण चारों ओर जलभराव है। ऐसे में रात को कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। वन्यजीवों की आमद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। स्थानीय कृषक ललित सिंह का कहना है कि जंगली हाथी बीते वर्षों से सौंग नदी की ओर से जिस स्थान पर बाड़ तोड़ कर खेतों में दाखिल होता है। इस बार भी उसी जगह से आ रहा है। इसके बावजूद वन विभाग उस जगह को अभी तक बंद नहीं कर सका है। साल दर साल सिर्फ आश्वासन के अलावा कुछ नहीं हो रहा है। सौर ऊर्जा बाड़ का कार्य भी लम्बित पड़ा हुआ है।

क्षेत्र पंचायत सदस्य श्रीकान्त रतूड़ी ने कहा कि वन विभाग द्वारा रात्रि गश्त बढ़ाने की बात भी झूठ साबित हो रही है। ऐसे में अगर वन्यजीवों के कारण कोई भी हादसा होता है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी वन विभाग की होगी। विनोद जुगलान ने सौंग नदी की ओर सुरक्षा दीवार और सौर ऊर्जा बाड़ निर्माण शीघ्र शुरू करने की मांग की है।

## चोरी की योजना बना रहे सात गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**

नगर कोतवाली पुलिस ने चोरी की योजना बना रहे 7 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है।

पुलिस ने नगर कोतवाली क्षेत्र में नये संजय पुल के पास से इन आरोपितों चार ब्लेड कटर के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपितों ने अपने नाम 24 वर्षीय सागर निवासी झुग्गी झोपड़ी, हरिपुर कला सूरजपुर कालोनी रायवाला देहरादून, 23 वर्षीय राजन वर्मा निवासी फतेगंज, फरीदपुर जिला बरेली हाल निवासी चण्डी घाट हरिद्वार, 22 वर्षीय विक्की निवासी भीमगोड़ा हरिद्वार, निखिल पुत्र राकेश निवासी माधवपुरम, टीपी नगर मेरठ उत्तर प्रदेश हाल लालजीवाला हरिद्वार बताए।

# क्षेत्र का समग्र विकास भाजपा शासनकाल में : आदेश चौहान

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने नगर निगम हरिद्वार वार्ड 54 बालाजी एंक्लेव की सड़क का पुनर्निर्माण कार्य शुरू कराया। 23 लाख रुपये की लागत से इस सड़क का पुनर्निर्माण किया जा रहा है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष एवं पार्षद नागेंद्र राणा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने विधायक आदेश चौहान का धन्यवाद और स्वागत किया।



रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने कहा कि भाजपा सरकार में क्षेत्र के समग्र विकास के लिए अभूतपूर्व कार्य लगातार जारी हैं। अपने विधानसभा क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए वह लगातार प्रतिबद्ध हैं, जिससे की क्षेत्र में सड़क, स्वास्थ्य, बिजली एवं शिक्षा जैसी मूलभूत आवश्यकताओं की तेजी से पूर्ति हो रही है। विधायक चौहान का धन्यवाद करते हुए मंडल अध्यक्ष एवं पार्षद नागेंद्र राणा ने कहा कि विधायक द्वारा क्षेत्र में लगातार विकास कार्यों की बड़ी श्रृंखला जारी है। इसके लिए क्षेत्र जनता उनके सेवा भाव पर आभार प्राप्त करती है। उनकी कार्यप्रणाली अन्य जनप्रतिनिधियों के लिए भी एक प्रेरणा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्षद विकास कुमार, जिला महामंत्री किसान मोर्चा कमल प्रधान, श्रीमती विमला, अजय बबली, योगेंद्र सिंह तोमर,पवन कुमार, राहुल कुमार, अनुज त्यागी,जसवीर त्यागी, विनोद सैनी, विवेक कश्यप, पंकज बागड़ी, सत्यदेव, विजय राजपूत सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# मेला देखने घर से निकले तीन नाबालिग हुए गुम, पुलिस ने ढूंढ़ निकाला

**सकुशल बरामद**

8 इस बीच कलियर पुलिस को बच्चों को ज्वालापुर क्षेत्र में देखे जाने की जानकारी मिली।



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
कलियर से रास्ता भटककर घर से निकले तीन नाबालिग बच्चों को पुलिस ने सकुशल ज्वालापुर क्षेत्र से बरामद कर लिया है। बच्चों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।
पुलिस के मुताबिक जिले के कलियर थाना क्षेत्र के रहने वाले तीन नाबालिग बच्चे अब्दुल्ला पुत्र नाजिम (12 साल), समद पुत्र समीम (13 साल) व सुफियान पुत्र समीम (9 साल) शनिवार सुबह अपने घर से इमाम साहब रोड पर मेला देखने गए थे, लेकिन देर तक घर नहीं पहुंचे। इसके बाद परिवार की एक महिला बच्चों को ढूंढने निकली ,लेकिन वह भी घर नहीं पहुंची। जिनकी गुमशुदगी नाजिम पुत्र लतीफ निवासी कलियर की ओर से थाना कलियर में दर्ज कराई गई।
मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मामला दर्ज कर रात को ही टीम गठित की और सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की गई। इस बीच कलियर पुलिस को बच्चों को ज्वालापुर क्षेत्र में देखे जाने की जानकारी मिली। वहां से जब बच्चों को परिजन ले जा रहे थे तभी स्थानीय लोगों ने उन्हें बच्चा चोर समझकर हंगामा खड़ा कर दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### युवा कांग्रेस विधानसभा स्तर पर सुपर शक्ति सी कार्यक्रम के अंतर्गत करेगी ध्वजारोहण

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय युवक कांग्रेस ने संपूर्ण उत्तराखंड में महिला सशक्तिकरण के चलते 15 अगस्त को सुपर शक्ति सी कार्यक्रम के अंतर्गत नरेंद्र नगर और देवप्रयाग क्षेत्र में ध्वजारोहण समारोह आयोजित करेगी। इसमें महिला सशक्तिकरण की झलकियां भी दिखाई देंगी।
युवक कांग्रेस देवप्रयाग के जिला अध्यक्ष आशीष राणा कोटी ने ऋषिकेश प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता के दौरान देते हुए बताया कि सुपर शक्ति सी कार्यक्रम के दौरान भारतीय युवक कांग्रेस विधानसभा स्तर पर शक्ति क्लब के माध्यम से महिलाओं को जोड़ने के प्रयास के दौरान 15 अगस्त को क्षेत्र की सामाजिक महिलाओं के माध्यम से ध्वजारोहण कराया जाएगा।
उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में आज देश भर में महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को लेकर आने को महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों को भाजपा की सरकारों को दबाने के प्रयास को भी कांग्रेस द्वारा उजागर किया जायेगा। इसे लेकर युवा कांग्रेस उक्त कार्यक्रम को प्रदेश भर में प्रारंभ करने जा रही है, जिसमें महिला अपने हकों की हिस्सेदारी के लिए किसी पर निर्भर न रहकर राजनीति में आगे आएं। इसके लिए कांग्रेस ने संगठन स्तर पर भी महिलाओं को आगे बढ़ाए जाने का निर्णय भी लिया है। पत्रकार वार्ता में सुनील आर्य, शिवम भट्ट ,दिनेश सकलानी, अनिल रावत आदि उपस्थित थे।

### भूस्खलन से बाधित हुआ ज्योलिकोट-भवाली सड़क मार्ग

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
बारिश के चलते नैनीताल जिले में ज्योलिकोट-भवाली मार्ग मलबा आने से बंद हो गया है। हालांकि जेसीबी से मलबा को हटाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि मालबा काफी अधिक है, जिसे हटाने में थोड़ा समय लग सकता है, फिलहाल पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच चुकी है और मलबा हटाने का काम किया जा रहा है।

### सांस्कृतिक-सामाजिक स्तर पर उत्कृष्टता प्रदर्शित करने वाले सम्मानित

**उत्तराखंड।** संस्कृति विभाग ऑडिटोरियम में उत्तराखंड स्वर्णिम पुरस्कार का आयोजन किया गया। उत्तराखंड के सांस्कृतिक और सामाजिक स्तर पर उत्कृष्टता प्रदर्शित करने वाले व्यक्तियों को मान्यता देने का एक उत्कृष्ट मंच प्रदान किया। इस महत्वपूर्ण समारोह का आयोजन धर्मा क्रिएशन संस्था ने किया । इसे बसीरा राइडर प्राइवेट लिमिटेड ने प्रस्तुत किया था। यह समारोह बुलमेन रियल्टी के सहयोग से भी संचालित किया गया था। यह समारोह समाज में उत्कृष्टता और प्रेरणा के लिए प्रेरित करने वाले व्यक्तियों की महत्वपूर्ण मान्यताओं को समर्पित था। इस महत्वपूर्ण समारोह के मुख्य अतिथियों में खजान दास (विधायक राजपुर) और नेहा जोशी (भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष - भाजपा युवा मोर्चा) शामिल थे। इस महोत्सव में कलात्मक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमुदाय को नृत्य, संगीत और भव्य आयोजनों का आनंद दिलाया। साथ ही, एक्सप्लोर उत्तराखंड मैगजीन, हिमालयन बज, और केएमएलटी मीडिया ने इस समारोह को सहयोग दिया। संगठन टीम ने उच्च गुणवत्ता और प्रबंधन के साथ इस समारोह का संचालन किया, जिसमें अकाश गुप्ता, सुमित तिवारी, फैसल खान, मोहम्मद अर्शद, अतुल नेगी, अविनाश शुक्ला, अक्षय गुप्ता शामिल थे। समारोह का मास्टर ऑफ सेरेमनी आमिषा गुप्ता ने संचालित किया। इस समारोह के माध्यम से, समुदाय के उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देने का प्रयास किया गया है, जिससे समाज के युवा वर्ग को प्रेरित होने का अवसर मिले। कलाव्याख्या नृत्य अकादमी, शिवांक वर्मा, शुभी सिंह एवं प्रतिभा वेलफेयर सोसायटी द्वारा परफॉर्मेंस किए गए । पुरस्कृत व्यक्तियों की सूची डॉ. तरुण भाटिया , पवन कोठारी, राजेश गुप्ता, रोशन लाल अग्रवालयोगेश अग्रवाल ,सोनम शाह, डॉ. पिंटू मिश्रा
केवल सिंह पुंडीर, राम कुमार गुप्ता, अभिषेक मिश्रा, ओकेश छाबड़ा, देवांगना चौहान, चमन लाल, त्रिप्ति जुयाल सेमवाल, आशा धौंडियाल, शैला बिलाल, फार्वी वाधवा, शेखर चौधरी व रौनक जैन आदि शामिल रहे।

## उपभोक्ताओं को झटका

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
अप्रैल से जून तक फ्यूल सरचार्ज माफ किया गया था। अब यूपीसीएल की ओर से जुलाई से सितंबर महीने तक तीन माह के लिए प्रति यूनिट के हिसाब से 14 से 52 पैसे अतिरिक्त फ्यूल सरचार्ज वसूला जाएगा। प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को तीन महीने के लिए बिजली महंगी होने का झटका लगा है। यूपीसीएल की ओर से घरेलू उपभोक्ताओं से जुलाई से सितंबर माह तक 14 से 52 पैसे प्रति यूनिट फ्यूल सरचार्ज वसूला जाएगा। इस बढ़ोतरी के पीछे यूपीसीएल प्रबंध का कहना है कि गैस और कोयले से चलने वाले पॉवर प्लांट की बिजली महंगी होने से फ्यूल चार्ज बढ़ा है।

# आआपा के बागेश्वर विधानसभा उम्मीदवार रहे बसंत कांग्रेस में शामिल

**उपचुनाव**

8 चंदन राम दास के निधन के बाद खाली सीट पर निर्वाचन आयोग ने चुनाव की तिथि घोषित कर दी है।



**देहरादून/बागेश्वर /टीम एक्शन इंडिया**
बागेश्वर उपचुनाव की तिथि तय होने के बाद से भाजपा-कांग्रेस में हलचल तेज हो गई है। रविवार को आम आदमी पार्टी (आआपा) के प्रदेश उपाध्यक्ष और विधानसभा 2022 में उम्मीदवार रहे बसंत कुमार कांग्रेस में शामिल हो गए।
बागेश्वर में आयोजित एक कार्यक्रम में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने 2022 विधानसभा में आआपा उम्मीदवार रहे बसंत कुमार को पार्टी में शामिल कराया। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि पार्टी उपचुनाव को पूरी ताकत के साथ लड़ेगी। गौरतलब है कि भाजपा के मंत्री चंदन राम दास के निधन के बाद खाली सीट पर निर्वाचन आयोग चुनाव की तिथि घोषित कर दी है। नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 17 अगस्त है। नाम वापस 21 अगस्त तक लिए जा सकते हैं। इसके बाद पांच सितंबर को मतदान और आठ सितंबर को मतगणना होगी।
बागेश्वर में कांग्रेस के 2022 विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार रहे रंजीत दास शनिवार को कांग्रेस छोड़कर भाजपा शामिल हो गये थे। उपचुनाव में कांग्रेस की तरफ से पैनल में इनका नाम होना बताया जा रहा था। आज आआपा उम्मीदवार रहे बसंत कुमार कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। ऐसा माना जा रहा है कि विस उपचुनाव में बसंत कुमार कांग्रेस उम्मीदवार हो सकते हैं।
इस दौरान नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्या, पूर्व राज्यसभा सदस्य प्रदीप टम्टा सहित पार्टी पदाधिकारी और सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अधिकारियों पर शराब पीने का लगाया आरोप

**आरोप**

8 मदिरा सेवन करने, कराने एवं मातृशक्ति के लिए आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करने का आरोप लगाया है



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
युवा जागृति विचार मंच के प्रवीन शर्मा ने विधिक माप विज्ञान बाट और माप के वरिष्ठ निरीक्षक अमित कुमार सिंह, उसके सहयोगियों संतोष कुमार शर्मा ,मुकेश अग्रवाल ने सरकारी कार्यालय एवं शिक्षा के मंदिर ऋषिकुल विद्यापीठ परिसर में मदिरा सेवन करने, कराने एवं मातृशक्ति के लिए आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करने का आरोप लगाया है।
मंच के प्रवीन शर्मा ने रविवार को प्रेस क्लब में पत्रकारों को बताया कि उक्त विभाग से संबंधित अधिकारी एवं सहयोगियों द्वारा धर्मनगरी के ड्राई जोन एरिया में किया गया यह कृत्य घोर अपराध की श्रेणी का है। प्रवीन ने विभागीय कार्रवाई की मांग करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से आग्रह किया कि इस प्रकार के अधिकारी, कर्मचारी और उनके साथियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।

## वृत्ति नहीं, व्रत है पत्रकारिता : प्रो. राम मोहन पाठक

**जौनपुर/टीम एक्शन इंडिया**
वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में सामासिक संस्कृति के संवाहकः भाषा, साहित्य और मीडिया विषयक दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शनिवार रात को समापन सत्र हुआ। यह सत्र ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में चला। इसमें विश्व के कई देशों के शिक्षकों और साहित्यकारों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा मद्रास एवं मदनमोहन मालवीय हिंदी पत्रकारिता संस्थान के पूर्व निदेशक प्रो. राममोहन पाठक ने कहा कि वर्तमान समय में भाषा की ताकत को समझना होगा।

# बाढ़ से बचाव के लिए प्रदेश की प्रमुख नदियों का होगा अध्ययन



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
नदियों में लंबे समय से जमा खनन सामग्री की समय-समय पर पर्याप्त निकासी न हो पाने और अवैज्ञानिक ढंग से हो रहे अवैध खनन भी जल भराव की वजह हो सकता है। सीएम ने सिंचाई विभाग को राज्य की प्रमुख नदियों का अध्ययन कराने के निर्देश दे दिए हैं।
बाढ़ और जलभराव से हुए भारी नुकसान को देखते हुए प्रदेश सरकार अब प्रदेश की प्रमुख नदियों का अध्ययन कराएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सिंचाई विभाग को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। माना जा रहा है कि नदियों में दशकों से भारी मात्रा में बोल्डर, सिल्ट व बजरी जमा होने की वजह से उसका तल ऊपर उठ गया है।
तल उठने की वजह से नदियों में बाढ़ का पानी आसपास के रिहायशी इलाकों में घुस रहा है। विभाग को अध्ययन के साथ ही नदियों का ड्रैनेज प्लान भी बनाने को कहा गया है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, जलभराव वाले क्षेत्रों का दौरा करने के बाद कुछ दिन पूर्व मुख्यमंत्री ने उच्चाधिकारियों की बैठक बुलाई थी।
इस बैठक में सिंचाई, औद्योगिक विकास (खनन), वन समेत अन्य उच्चाधिकारी भी उपस्थित थे। बैठक में नदियों में बाढ़ से जलभराव के उत्पन्न हालात के कारण जानने की आवश्यकता जताई गई। बैठक में इस बात पर भी चर्चा हुई कि नदियों में लंबे समय से जमा खनन सामग्री की समय-समय पर पर्याप्त निकासी न हो पाने और अवैज्ञानिक ढंग से हो रहे अवैध खनन भी जल भराव की वजह हो सकता है। बहरहाल, सीएम ने सिंचाई विभाग को राज्य की प्रमुख नदियों का अध्ययन कराने के निर्देश दे दिए हैं।
गंगा और उसकी सहायक नदियों में बाढ़ से सबसे ज्यादा नुकसान हरिद्वार नगर और जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में हुआ। जिले के 398 ग्रामीण क्षेत्रों और हरिद्वार नगर के 48 क्षेत्र बाढ़ के पानी से लबालब हो गए। जलभराव वाले क्षेत्रों में सात लोगों की जान चली गई, जबकि 370 भवनों को भी नुकसान पहुंचा। तीन भवन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए।

# बदरीविशाल के दर्शन को पहुंचे सुपरस्टार रजनीकांत

**आरोप**

8 मदिरा सेवन करने, कराने एवं मातृशक्ति के लिए आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करने का आरोप लगाया है



**चमोली/टीम एक्शन इंडिया**
बदरीनाथ हाईवे जगह-जगह अवरुद्ध होने के कारण वे शाम को साढ़े पांच बजे धाम में पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले धाम के दर्शन किए। सिंहद्वार पर प्रशंसकों ने उनके साथ फोटो खिंचवाई। रजनीकांत ने बदरीनाथ के सौंदर्य को करीब से निहारा।
फिल्म अभिनेता रजनीकांत ने शनिवार को बदरीनाथ धाम के दर्शन किए। उन्होंने धाम के सायंकाल के दर्शन कर आरती में भी हिस्सा लिया। करीब पंद्रह मिनट तक वह धाम की पूजाओं में शामिल रहे। वे बदरीनाथ में रात्रि प्रवास करेंगे।
शनिवार को फिल्म अभिनेता रजनीकांत कार से बदरीनाथ धाम पहुंचे। बदरीनाथ हाईवे जगह-जगह अवरुद्ध होने के कारण वे शाम को साढ़े पांच बजे धाम में पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले धाम के दर्शन किए। सिंहद्वार पर प्रशंसकों ने उनके साथ फोटो खिंचवाई। रजनीकांत ने बदरीनाथ के सौंदर्य को करीब से निहारा। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने उन्हें बदरीनाथ के अंगवस्त्र और तुलसी माला भेंट की। रजनीकांत की एक झलक पाने और उनके साथ फोटो खिंचवाने के लिए प्रशंसक उत्सुक दिखे। इस मौके पर नगर पंचायत बदरीनाथ के अधिशासी अधिकारी सुनील पुरोहित, थाना बदरीनाथ के कोतवाल केसी भट्ट आदि मौजूद रहे। रविवार को सुबह बदरीनाथ के महाभिषेक में भी रजनीकांत प्रतिभाग करेंगे।

# योगगुरु स्वामी रामदेव की पतंजलि योगपीठ के नाम पर हो रही ठगी के खेल में दो गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
योगगुरु स्वामी रामदेव की पतंजलि योगपीठ के नाम पर ठगी करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर एक बाल अपचारी पर विधिक कार्रवाई कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से अपराध में प्रयुक्त 3 मोबाइल, जिनमें पतंजलि में बुकिंग से संबंधित फर्जी बाउचर, लाखों रुपयों के लेन देन का हिसाब और अन्य महत्वपूर्ण व्हाट्सएप चैट शामिल हैं आदि बरामद किए हैं।
पतंजलि योगपीठ के नाम से फर्जी वेबसाइट बनाकर लाखों की धोखाधड़ी का खेल खेला जा रहा था। इस संबंध में आचार्य रजनीश उर्फ स्वामी बजरंग देव निवासी पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार ने 2 अगस्त को बहादराबाद थाने में तहरीर दी थी। आरोपित गत कुछ महीनों से पतंजलि में इलाज के नाम पर हो रही फर्जी बुकिंग, बीमार पीड़ित से ठगी कर पतंजलि योगपीठ की छवि खराब करने का काम कर रहे थे। आचार्य रजनीश ने पुलिस को दी तहरीर के साथ 03 मामलों में लगभग 2 लाख की ठगी संबंधित दस्तावेज भी दिए थे।
विवेचना के दौरान पता चला कि आरोपितों ने पतंजलि में बुकिंग के लिए पतंजलि के नाम पर लंदन यूनाइटेड किंगडम की आईपी से फर्जी वेबसाइट तैयार की और डोमेन खरीदने के लिए पेमेंट का मोड भी इंटरनेशनल रखा। मामले का मायापुर चौकी में खुलासा करते हुए एसपी सिटी ने बताया कि आरोपितों ने फर्जी आईडी के सिम



निकलवाकर भिन्न-भिन्न ऑनलाइन वॉलेट, पे टीएम बैंक, फिनकेयर बैंक, इक्विटस बैंक आदि खातों से फ्रॉड अमाउंट को ट्रांसफर किया जाता है और लोगों के खातों का एक्सेस लेकर उनसे विड्रॉल किया जाता था। साथ ही आईएफएससी कोड को भी काउंटर फीट करके हरिद्वार का डिसप्ले कर देते थे। इससे पीड़ित को विश्वास हो जाता है कि यह खाता पतंजलि योगपीठ का ही है, जबकि वास्तविक रूप से खाते बंगाल, बिहार, उड़ीसा और तमिलनाडु के पाए गए हैं।
उन्होंने बताया कि आरोपितों के खाते की केवाईसी का स्थान, एटीएम विड्रॉल का स्थान, कॉलिंग नंबर की लोकेशन, वेबसाइट क्रिएशन का स्थान आदि यूनाइटेड किंगडम और देश के अन्य भिन्न-भिन्न स्थानों की मिली।
आरोपितों की धरपकड़ के लिए एसएसपी अजय सिंह के निर्देशन में टीम का गठन किया गया था। गठित टीम ने 10 अगस्त को बिहार के फर्जी कॉल सेंटर से 2 साइबर ठगों को ग्रामीणों के भारी प्रतिरोध के बावजूद गिरफ्तार कर लिया।
गिरफ्तारी के बाद अभियुक्तों के मोबाइल की जांच में पता चला पाया कि सॉफ्टवेयर की मदद से आरोपित अपने फोन की लोकेशन किसी अन्य स्थान की कर सकते हैं, जिससे पीड़ित को जिस नंबर से कॉल आती है, उनकी लोकेशन देश के भिन्न-भिन्न कोनों मुंबई, असम, कोलकाता की आती है।
गिरफ्तार किए गए आरोपितों में एक का नाबालिग होने के कारण विधिक कार्रवाई के पश्चात परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। अन्य आरोपित को सीजेएम कोर्ट नवादा में पेश कर ट्रांजिट रिमांड हासिल कर हरिद्वार लाया गया। एसपी सिटी ने बताया कि आरोपितों के बयान व मोबाइल से मिले साक्ष्यों के आधार पर अन्य फरार आरोपितों को ट्रेस आउट किया जा रहा है।
आरोपितों के व्हाट्सएप चैट और मौजूद अन्य दस्तावेजों से पता चला कि अभियुक्तों द्वारा मात्र 15 दिन में 16.3 लाख की अवैध कमाई की। विगत कुछ ही माह में आरोपित सुरेंद्र ने 2 नए मकान और एक बोलेरो, एक स्कॉर्पियो खरीदी।पुलिस पूछताछ में आरोपितों ने अपने नाम सुरेंद्र चौधरी निवासी ग्राम कविरपुर, थाना शेखुपुर सराय, जिला शेखपुरा, बिहार और बाल अपचारी निवासी बिहार बताए गए हैं। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई के बाद बाल अपचारी को परिजनों के सुपुर्द कर दिया, जबकि दूसरे आरोपित को हरिद्वार ले आई।

## संपादकीय

# इस बार 'इसलिए' अहम है 15 अगस्त

**लंबे का**लखंड के बाद 15 अगस्त, 1947 को भारत में आजादी का सूरज उगा था। तब से हम हर साल 15 अगस्त को स्वाधीनता दिवस के रूप में मनाते हैं। इस बार का स्वतंत्रता दिवस कुछ खास है। वह इसलिए कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 12 मार्च, 2021 को 'आजादी का अमृत महोत्सव' का शुभारंभ गुजरात में अहमदाबाद के साबरमती आश्रम से किया था। उसका समापन इस बार होगा। इसके साथ 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री मोदी के सपने को साकार करने के लिए देश को नई ऊर्जा और उत्साह के साथ 'अमृत काल' में प्रवेश कराया जाएगा। इस साल नई दिल्ली में लाल किले पर स्वतंत्रता दिवस को मनाने के लिए अनूठी पहल की गई हैं। पिछले साल की तुलना में इस वर्ष बड़ी संख्या में अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ऐतिहासिक लाल किले से समारोह का नेतृत्व करेंगे। राष्ट्रीय पर्व के इस समारोह को देखने के लिए देश भर से विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लगभग 1,800 लोगों को विशिष्ट अतिथि के रूप में उनके जीवनसाथी के साथ आमंत्रित किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी लाल किले की प्राचीर पर ध्वजारोहण कर इस ऐतिहासिक स्मारक से राष्ट्र को संबोधित करेंगे। यह पहल सरकार के 'जनभागीदारी' दृष्टिकोण के अनुरूप की गई है। इन विशिष्ट अतिथियों में 660 से अधिक जीवंत गांवों के 400 से अधिक सरपंच, किसान उत्पादक संगठन योजना से जुड़े 250 लोग, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के 50-50 प्रतिभागी, नए संसद भवन सहित सेंट्रल विस्टा परियोजना से जुड़े 50 श्रमयोगी (निर्माण श्रमिक), 50-50 खादी कार्यकर्ता, सीमा पर स्थित सड़कों के निर्माण, अमृत सरोवर और हर घर जल योजना से जुड़े लोगों के साथ-साथ 50-50 प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक, नर्स और मछुआरे शामिल हैं। सरकार ने इनमें से कुछ विशिष्ट अतिथियों को दिल्ली में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक को दिखाने की व्यवस्था की है। साथ ही प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश से 75 जोड़ों को भी पारंपरिक पोशाक में इस समारोह को देखने के लिए आमंत्रित किया गया है। इस बार बड़ी बात यह है कि राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, इंडिया गेट, विजय चौक, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, प्रगति मैदान, राजघाट, जामा मस्जिद मेट्रो स्टेशन, राजीव चौक मेट्रो स्टेशन, दिल्ली गेट मेट्रो स्टेशन, आईटीओ मेट्रो गेट, नौबत खाना और शीश गंज गुरुद्वारा सहित 12 स्थानों पर सरकार की विभिन्न योजनाओं को समर्पित सेल्फी प्वाइंट स्थापित किए गए हैं। इस समारोह की कड़ी के रूप में रक्षा मंत्रालय के तत्वावधान में 15-20 अगस्त तक मायगव पोर्टल पर ऑनलाइन सेल्फी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। लोगों को इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए 12 में से एक या अधिक स्थानों पर सेल्फी लेने और उन्हें मायगव प्लेटफॉर्म पर अपलोड करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। 12 विजेताओं का चयन किया जाएगा। प्रत्येक विजेता को 10,000 रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी। लाल किले में प्रधानमंत्री के गार्ड ऑफ ऑनर दल में सेना, वायु सेना और दिल्ली पुलिस के एक-एक अधिकारी और 25 कर्मी व नौसेना के एक अधिकारी और 24 कर्मी शामिल होंगे। भारतीय सेना इस वर्ष समन्वय सेवा की भूमिका में है।

# हर घर तिरंगा अभियान और ध्वज संहिता का मान

**प्रियंका सौरभ**

> "ध्वज किसी अधिकारी की गाड़ी पर लगाया जाए तो उसे सामने की ओर बीचोंबीच या कार के दाईं ओर लगाया जाए। ध्वज पर कुछ भी लिखा या छपा नहीं होना चाहिए और फटा या मैला ध्वज नहीं फहराया जाता है। अगर ध्वज फट जाए या मैला हो जाए तो उसे एकांत में मर्यादित तरीके से पूरी तरह से नष्ट किया जाना चाहिए। ध्वज केवल राष्ट्रीय शोक के अवसर पर ही आधा झुका रहता है किसी दूसरे ध्वज या पताका को राष्ट्रीय ध्वज से ऊँचा या ऊपर नहीं लगाया जाएगा, न ही बराबर में रखा जाएगा तिरंगे का उपयोग व्यावसायिक उद्देश्यों के लिये नहीं किया जा सकता है। इसके अलावा ध्वज का उपयोग उत्सव के रूप में या किसी भी प्रकार की सजावट के लिये नहीं किया जाना चाहिये। भारतीय ध्वज संहिता 26 जनवरी 2002 को प्रभावी हुई"

**अपना** राष्ट्रीय ध्वज यानी तिरंगा। इसको लहराते देख गर्व से सीना चौड़ा हो जाता है। इस के सम्मान में इसे सैल्यूट करने का मन चाहता है। हमारे राष्ट्रीय प्रतीकों का कोई दुरुपयोग ना करे, कोई इनका अपमान न करे। झंडों को फेंके नहीं, कूड़ेदान में भी नहीं डालें। घर पर लगे झंडों को तह बनाकर घर में रखे। 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत लोगों ने अपने घरों में झंडे लगाए हैं। ऐसे में लोग सम्मान के साथ इन तिरंगों को साफ करके प्रेस करके घर के अंदर उन्हें संभालकर रख सकते हैं। इन झंडों का इस्तेमाल अगले साल के लिए किया जा सकता है। आजादी का अमृत महोत्सवङ्क मनाने के जोश में इस बात का होश न खोने पाए कि राष्ट्रीय ध्वज का अपना एक सम्मान है। इसका किसी भी रूप में अपमान आपकी आजादी पर भारी पड़ सकता है। भारत की स्वतंत्रता के 76वें वर्ष के जश्न के हिस्से के रूप में, भारत सरकार ने हर घर तिरंगा अभियान शुरू किया है। अभियान में भाग लेते समय भारतीय ध्वज संहिता को समझना जरूरी है। 'हर घर तिरंगा' आजादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में एक अभियान है, जिसका उद्देश्य लोगों को तिरंगे को घर लाने और भारत की आजादी के 76वें वर्ष के उपलक्ष्य में इसे फहराने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस अभियान के माध्यम से नागरिकों को 13 से 15 अगस्त 2023 तक अपने घरों में झंडा फहराने के लिए प्रोत्साहित किया है। इस पहल के पीछे का विचार लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना जगाना और भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है। भारतीय राष्ट्रीय ध्वज भारत के लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है। यह हमारे राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सार्वभौमिक स्नेह, सम्मान और निष्ठा है। यह भारत के लोगों की भावनाओं और मानस में एक अद्वितीय और विशेष स्थान रखता है। भारतीय राष्ट्रीय ध्वज का फहराना/उपयोग/प्रदर्शन राष्ट्रीय सम्मान अपमान निवारण अधिनियम, 1971 और भारतीय ध्वज संहिता, 2002 द्वारा नियंत्रित होता है। भारतीय ध्वज संहिता राष्ट्रीय ध्वज के प्रदर्शन के लिए सभी कानूनों, सम्मेलनों, प्रथाओं और निर्देशों को एक साथ लाती है। यह निजी, सार्वजनिक और सरकारी संस्थानों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज के प्रदर्शन को नियंत्रित करता है। अपना राष्ट्रीय ध्वज




यानी तिरंगा। इसको लहराते देख गर्व से सीना चौड़ा हो जाता है। इस के सम्मान में इसे सैल्यूट करने का मन चाहता है। सबसे पहले 7 अगस्त 1906 कलकत्ता (अब कोलकाता) में ह्यलोअर सर्कुलर रोडङ्क के पास पारसी बागान स्क्वायर पर पहला राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया था। उस समय इसमें लाल, पीले और हरे रंग की तीन क्षैतिज पट्टियाँ बनी हुई थीं। इसके बाद, कई बदलावों से गुजरते हुए यह राष्ट्रीय ध्वज 22 जुलाई, 1947 को संविधान सभा द्वारा इसके मौजूदा स्वरूप में स्वीकार किया गया। इसके मौजूदा स्वरूप को डिजाइन करने में स्वतंत्रता सेनानी पिंगली वेंकय्या का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस मौजूदा राष्ट्रीय ध्वज में सबसे ऊपर गहरा केसरिया, बीच में सफेद और सबसे नीचे गहरा हरा रंग बराबर अनुपात में है। झंडे की चौड़ाई और लम्बाई का अनुपात 2:3 है। सफेद पट्टी के केंद्र में गहरा नीले रंग का चक्र है, जिसका प्रारूप अशोक की राजधानी सारनाथ में स्थापित सिंह के शीर्षफलक के चक्र में दिखने वाले चक्र की तरह है। चक्र की परिधि लगभग सफेद पट्टी की चौड़ाई के बराबर है। चक्र में 24 तीलियाँ हैं। हमारे राष्ट्रीय प्रतीकों का कोई दुरुपयोग ना करे, कोई इनका अपमान न करे। इसी को ध्यान में रखते हुए साल 1950 में प्रतीक और नाम (अनुचित उपयोग रोकथाम) अधिनियम, 1950 लाया गया। यह राष्ट्रीय ध्वज, सरकारी विभाग द्वारा उपयोग किये जाने वाले चिह्न, राष्ट्रपति या राज्यपाल की आधिकारिक मुहर, महात्मा गांधी और प्रधानमंत्री के चित्रमय निरूपण तथा अशोक चक्र के उपयोग को प्रतिबंधित करता है।

इसके बाद राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971 लाया गया। यह राष्ट्रीय ध्वज, संविधान, राष्ट्रगान और भारतीय मानचित्र समेत देश के सभी राष्ट्रीय प्रतीकों के अपमान को प्रतिबंधित करता है। जब भी ध्वज फहराया जाए तो उसे सम्मानपूर्ण स्थान दिया जाए। उसे ऐसी जगह लगाया जाए, जहाँ से वह स्पष्ट रूप से दिखाई दे। सरकारी भवनों पर रविवार और अन्य छुट्टियों के दिनों में भी ध्वज को सूर्योदय से सूर्यास्त तक फहराया जाता है, विशेष अवसरों पर इसे रात को भी फहराया जा सकता है। यानी आमतौर पर सूर्यास्त के बाद ध्वज को फहराने की अनुमति नहीं है। ध्वज को सदा स्फूर्ति से फहराया जाए और धीरे-धीरे आदर के साथ उतारा जाए। फहराते और उतारते समय बिगुल बजाया जाता है तो इस बात का ध्यान रखा जाए कि ध्वज को बिगुल की आवाज के साथ ही फहराया और उतारा जाए। ध्वज का प्रदर्शन सभा मंच पर किया जाता है तो उसे इस प्रकार फहराया जाएगा कि जब वक्ता का मुँह श्रोताओं की ओर हो तो ध्वज उनके दाहिने ओर हो। ध्वज किसी अधिकारी की गाड़ी पर लगाया जाए तो उसे सामने की ओर बीचोंबीच या कार के दाईं ओर लगाया जाए। ध्वज पर कुछ भी लिखा या छपा नहीं होना चाहिए और फटा या मैला ध्वज नहीं फहराया जाता है। अगर ध्वज फट जाए या मैला हो जाए तो उसे एकांत में मर्यादित तरीके से पूरी तरह से नष्ट किया जाना चाहिए। ध्वज केवल राष्ट्रीय शोक के अवसर पर ही आधा झुका रहता है किसी दूसरे ध्वज या पताका को राष्ट्रीय ध्वज से ऊँचा या ऊपर नहीं लगाया जाएगा, न ही बराबर में रखा जाएगा तिरंगे का उपयोग व्यावसायिक उद्देश्यों के लिये नहीं किया जा सकता है। इसके अलावा ध्वज का उपयोग उत्सव के रूप में या किसी भी प्रकार की सजावट के लिये नहीं किया जाना चाहिये। भारतीय ध्वज संहिता 26 जनवरी 2002 को प्रभावी हुई। भारतीय ध्वज संहिता, 2002 को 30 दिसंबर, 2021 के आदेश द्वारा संशोधित किया गया था। अब, राष्ट्रीय ध्वज हाथ से काते और हाथ से बुने हुए या मशीन से बने, कपास/पॉलिएस्टर/ऊनी/रेशम खादी के बने होंगे। जनता का एक सदस्य, एक निजी संगठन या एक शैक्षणिक संस्थान राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा और सम्मान के अनुरूप, सभी दिनों और अवसरों पर, समारोह में या अन्यथा, राष्ट्रीय ध्वज फहरा/प्रदर्शित कर सकता है। भारतीय ध्वज संहिता, 2002 को 19 जुलाई, 2022 के आदेश द्वारा संशोधित किया गया था। अब, जब झंडा खुले में प्रदर्शित किया जाता है या जनता के किसी सदस्य के घर पर प्रदर्शित किया जाता है, तो इसे दिन और रात फहराया जा सकता है। राष्ट्रीय ध्वज का आकार आयताकार होगा। झंडा किसी भी आकार का हो सकता है लेकिन झंडे की लंबाई और ऊंचाई (चौड़ाई) का अनुपात 3:2 होगा। पहले ध्वज को खुले में सूर्योदय से सूर्यास्त तक फहराने की ही अनुमति थी। अब कोई भी भारतीय नागरिक, निजी या शैक्षणिक संस्थान सभी दिवसों और अवसरों पर दिन-रात राष्ट्रीय ध्वज के गौरव और सम्मान के अनुरूप तिरंगा फहरा सकता है। अब कपास, ऊन, रेशम और खादी के हाथ से बुने, हाथ से सिले और मशीन से बने ध्वज के अलावा पॉलिएस्टर से बने या सिले ध्वज के उपयोग की भी अनुमति दे दी गई है। डेमेज हुए झंडों को दफनाने के लिए सभी डैमेज हुए झंडों की तह बनाकर लकड़ी के बॉक्स में रखा जाता है। फिर उसे सुरक्षित स्थान पर जमीन में दफनाया जाता है। ऐसा करते वक्त शांतिपूर्ण माहौल होना चाहिए। झंडे को जलाने के लिए सुरक्षित जगह चुनें, झंडे को ढंग से तह करें और उसे ध्यान से आग पर रख दें। झंडों को फेंके नहीं, कूड़ेदान में भी नहीं डालें। घर पर लगे झंडों को तह बनाकर घर में रखे। 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत लोगों ने अपने घरों में झंडे लगाए हैं। ऐसे में लोग सम्मान के साथ इन तिरंगों को साफ करके प्रेस करके घर के अंदर उन्हें संभालकर रख सकते हैं।

## कविता

मैं मर जाऊँ तो मेरी सिर्फ ये पहचान लिख देना
मेरे माथे पे मेरे खूँ से हिन्दुस्ता लिख देना

वही कि अज्मतों पे जिन की जन्नत भी निछावर है
वो हैं भारत के मेरे खेत ओर खलिहान लिख देना

जो तुम से स्वर्ग का संछिप्त वर्णन कोई करवाए
तुम इक कागज उठा कर सिर्फ हिंदुस्तान लिख देना

हमारे मुल्क का इतिहास जब भी तुम कभी लिखना
मुसलमानों को दिल ओर हिंदुओं को जान लिख देना

यहाँ इक दूसरे को बांटते हैं प्यार आपस में
यहाँ होता है हर इक धर्म का सम्मान लिख देना

मेरी तहजीबो-यकजहती के ये रौशन मिनारे हैं
ग्रन्थो, बाइबीलो-गीता ओर कुरआन लिख देना

जकी ये जिस्मो-जाँ क्या मालो-जर क्या ऐशो-इशरत क्या
मेरा सब कुछ मेरे भारत पे है कुर्बान लिख देना

जकी तारिक

# राजनीतिक समाचारों से जुड़ा कलंक

**सूचना** अधिभार और तीव्र राजनीतिक ध्रुवीकरण के प्रभुत्व वाले युग में, पत्रकारिता के परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन आया है। दुर्भाग्य से, एक परेशान करने वाली प्रवृत्ति सामने आई हैः राजनीतिक समाचार पत्रकारिता के क्षेत्र में एक कलंक बन गए हैं। इस घटना की विशेषता उन पत्रकारों की निरंतर जांच है जो राजनीतिक मामलों पर सच्चाई से रिपोर्ट करते हैं, जिसमें प्रत्येक पक्ष दूसरे पर पक्षपात करने और तथ्यों को विकृत करने का आरोप लगाता है। यह लेख इस परेशान करने वाली प्रवृत्ति की उत्पत्ति और परिणामों पर प्रकाश डालता है, पत्रकारों, समग्र रूप से पत्रकारिता और अंततः जनता पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभावों की खोज करता है।

**ध्रुवीकरण का उदय और पत्रकारिता पर इसका प्रभाव**-राजनीतिक समाचारों में मौजूदा संकट की जड़ें समाज के बढ़ते ध्रुवीकरण में छिपी हैं। जैसे-जैसे वैचारिक विभाजन गहराता जा रहा है, व्यक्ति अपने विश्वासों में और अधिक मजबूत होते जा रहे हैं और ऐसे समाचार स्रोतों की तलाश कर रहे हैं जो उनके पहले से मौजूद पूर्वाग्रहों से मेल खाते हों। यह घटना, जिसे आमतौर पर पुष्टिकरण पूर्वाग्रह के रूप में जाना जाता है, ने प्रतिध्वनि कक्षों और फि ल्टर बुलबुले का निर्माण किया है, जहां लोग समान विचारधारा वाले व्यक्तियों से घिरे होते हैं और असहमतिपूर्ण दृष्टिकोण से बचाए जाते हैं। पत्रकार सत्य की खोज में अपनी स्वतंत्रता और अपने जीवन को जोखिम में डालते हैं, फिर भी सराहना के बजाय, उन्हें अक्सर संदेह और संदेह का सामना करना पड़ता है, जो समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को कमजोर करने का एक रणनीतिक कदम है। बदले में, पत्रकार अक्सर इस विभाजनकारी परिदृश्य की गोलीबारी में फंस जाते हैं। राजनीतिक मामलों पर रिपोर्टिंग करते समय, उन्हें अपने लक्षित दर्शकों की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए भारी दबाव का सामना करना पड़ता है। यदि कोई पत्रकार एक सच्चा विवरण प्रस्तुत करता है जो एक पक्ष की पूर्वकल्पित धारणाओं को चुनौती देता है, तो उन पर पक्षपात का आरोप लगने या यहां तक कि व्यक्तिगत हमलों का सामना करने का जोखिम होता है। यह दमघोंटू माहौल पत्रकारिता की अखंडता के लिए हानिकारक है और इसके मूल उद्देश्य को कमजोर करता हैः जनता को सटीक और निष्पक्ष जानकारी प्रदान करना।

**धारणा समस्याः पत्रकारों, पत्रकारिता और जनता के लिए एक नुकसान**

राजनीतिक समाचारों से जुड़े कलंक का प्रभाव कई हितधारकों के लिए कई गुना और हानिकारक है। सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण, यह पत्रकारों को अपने पेशे को ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के साथ आगे बढ़ाने से हतोत्साहित करता है। प्रतिशोध का डर या जनता का विश्वास खोने से पत्रकारिता के बुनियादी सिद्धांतों से समझौता करते हुए आत्म-सेंसरशिप हो सकती है। पत्रकारों को विवादास्पद राजनीतिक मुद्दों पर सटीक रिपोर्टिंग करने से हतोत्साहित किया जाता है।

## विचार

# चंद्रयान -3 के बाद अब लूना-25 ने भरी अंतरिक्ष में हुंकार

**रूस-यूक्रेन** युद्ध के बीच हाल ही में रूस ने भारत के चंद्रयान -3 मिशन के साथ होड़ दिखाते हुए अपना चंद्रयान मिशन लांच किया है। रसिया या रूस ने अपने चंद्रयान मिशन को लूना-25 नाम दिया है। यह बहुत ही आश्चर्यजनक है कि रूस ने कोई पांच चार साल बाद नहीं अपितु पूरे सैंतालीस साल बाद अपना मून मिशन सफलतापूर्वक लांच कर दिया है। इस मिशन की सबसे बड़ी बात यह है कि यह मिशन भारत के चंद्रयान मिशन -3 से पहले चांद पर उतरेगा। जानकारी देता चलूं कि रूस के मून मिशन से पहले 14 जुलाई को भारत ने चंद्रयान-3 लॉन्च किया है। अंतरिक्ष के मामले में रूस भारत समेत विश्व के अन्य सभी देशों से कितना आगे है इस बात का पता हमें मात्र इससे चलता है कि चंद्रयान -3 से करीब एक महीना बाद लांच किए जाने के बावजूद यह हमारे मिशन से पहले चांद की सतह पर लैंडिंग करेगा। हालांकि हमारे मिशन की भी अपनी खासियतें और विशेषताएं हैं लेकिन रूस द्वारा हाल ही में 11 अगस्त की सुबह 4:40 बजे (स्थानीय समायानुसार सुबह आठ बजकर 10 मिनट पर) के करीब अमूर ओब्लास्ट के वोस्तोनी कॉस्मोड्रोम से लूना-25 लैंडर मिशन लॉन्च किया गया है । बताया जा रहा है कि लॉन्चिंग सोयुज 2.1बी एक अत्यंत शक्तिशाली रॉकेट से किया गया है इसे लूना-ग्लोब मिशन भी कहते हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि रूस ने 1976 के एक लंबे समय के बाद अपना मिशन लांच किया है। यहां पाठकों को यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि जिस प्रकार से भारत के स्पेस संगठन का नाम इसरो है उसी प्रकार से रूसी स्पेस एजेंसी का नाम रोस्कोस्मोस है। जानकारी देना चाहूंगा कि रूस का लूना-25 लैंडर चंद्रयान-3 की तरह 21 या 22 अगस्त को चांद की सतह पर लैंड करेगा वहीं भारतीय मिशन जिसे चंद्रयान-3 नाम दिया गया है, को भारत ने 14 जुलाई को लॉन्च किया था, जो 23 अगस्त को चांद पर लैंड करेगा। अगर इसने लैंडर और रोवर चंद्रमा की सतह पर सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया तो भारत चांद के दक्षिणी ध्रुव या साउथ पोल पर उतरने वाला रूस के बाद दूसरा देश होगा। वैसे पाठकों को यहां यह भी बता दूं कि लूना- 25 और चंद्रयान-3 के चांद पर उतरने का समय करीब-करीब एक ही होगा। लूना कुछ घंटे पहले ही चांद की सतह पर लैंड करेगा। उल्लेखनीय है कि विश्व में अबतक जितने भी चांद मिशन भेजे गए हैं, वे चांद के भूमध्य रेखा पर ही पहुंचे हैं। रूस का वर्तमान में चांद पर भेजा गया लूना-25 मिशन यदि सफल हुआ तो ऐसा पहली बार होगा कि कोई देश चांद के दक्षिणी ध्रुव पर लैंड करेगा। रूस के लूना-25 मिशन का लक्ष्य चंद्रमा की सतह पर ऑक्सीजन की खोज और आंतरिक संरचना पर रिसर्च करना है, जबकि चंद्रयान-3 का लक्ष्य चांद की सतह पर सुरक्षित और नरम लैंडिंग करना है। जानकारी मिलती है कि रूस के इस मिशन में किट की लंबाई करीब 46.3 मीटर है और इसका व्यास 10.3 मीटर है। इसके बाद 313 टन वजनी रॉकेट 7-10 दिनों तक चांद का चक्कर लगाएगा। दरअसल,लूना-25 का आकार छोटी कार के बराबर है?। यहां पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि रूस के चंद्र मिशन का मुख्य उद्देश्य चांद की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग तकनीक को बेहतर बनाना है। यह पानी समेत कई प्राकृतिक संसाधनों की खोज करेगा। लूना-25 लैंडर में कई कैमरे मौजूद हैं। ये कैमरे लैंडिंग की टाइमलैप्स फुटेज और अद्भुत तस्वीरें खींचेगा। वास्तव में, रूस की योजना लैंडर को चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतारने की है, क्यों कि चांद के दक्षिणी ध्रुव पर पानी मिलने की संभावना है। दरअसल, 2018 में नासा ने बताया था कि चांद के दक्षिणी ध्रुव पर पानी मौजूद है। लैंडर में एक खास यंत्र लगाया गया है, जो कि सतह की छह इंच की खुदाई करेगा। इतना ही नहीं लूना- 25 पत्थर और मिट्टी के सैंपल भी जमा करेगा। इससे पता लगाया जा सकेगा कि चांद पर पानी की मौजूदगी है। हालांकि रूस ने अपने लूना -25 के मिशन के बारे में यह बात कही है कि वह किसी देश या स्पेस एजेंसी के साथ प्रतियोगिता नहीं कर रहे हैं।

दोनों मिशन में( भारत और रूस) लैंडिंग के लिए अलग- अलग क्षेत्रों की योजना है, लेकिन रूस यूक्रेन युद्ध के बीच अचानक रूस का मिशन लांच करना संपूर्ण विश्व को आश्चर्य में डाल रहा है। सच तो यह है कि रूस के इस अभियान की होड़ कहीं न कहीं चीन और अमेरिका के मून मिशन से है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः UTTHIN / 2009 / 31653**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक, राकेश भारद्वाज द्वारा मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से मुद्रित एवं 7/1 बल्लूपुर रोड, डॉ. टी पटनायक के सामने, कृष्णा नगर चौक के पास देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र देहरादून ही होगा।

**सम्पादकः रवि भारद्वाज (+919999889104)**
**actionindiaddn@gmail.com**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# भूत व भविष्य के कथानक का केंद्र बनती भारतीय संसद ?

**तनवीर जाफरी**

**'इंडिया'** गठबंधन के अविश्वास प्रस्ताव पर बहस के जवाब में आखिरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गत 10 अगस्त को लोकसभा में करीब सवा दो घंटे लंबा भाषण देना ही पड़ा। परन्तु चूँकि मोदी सरकार के विरुद्ध विपक्ष यानी 'इंडिया' गठबंधन' यह अविश्वास प्रस्ताव इसलिए लाया था ताकि मणिपुर पर संसद में चर्चा हो सके। चर्चा हुई भी,गृह मंत्री अमित शाह भी मणिपुर के हालात पर बोले परन्तु चूंकि विपक्ष प्रधानमंत्री का मणिपुर पर 'मौन' तुड़वाना चाहती थी इसलिये वह अपने मकसद में कामयाब तो जरूर रही परन्तु साथ ही प्रधानमंत्री के भाषण से उसे घोर निराशा भी हाथ लगी। अविश्वास प्रस्ताव पर बोलते हुये पहले विपक्ष की ओर से राहुल गांधी ने 37 मिनट लंबा भाषण दिया। जिसमें उन्होंने लगभग आधा समय मणिपुर दौरे के अपने अनुभव का जिक्र किया। जबकि भाषण की शुरूआत में उन्होंने अपनी भारत जोड़ो यात्रा और उसमें हुये अनुभवों का ज़िक्र किया। परन्तु प्रधानमंत्री जब सदन में अपनी पार्टी के मंत्रियों व सांसदों द्वारा अप्रत्याशित रूप से लगाये जाने वाले 'मोदी-मोदी ' के नारों के बीच पधारे तो ऐसा प्रतीत हुआ कि आज प्रधानमंत्री मणिपुर पर विस्तार से अपनी सरकार का पक्ष तथा वहां किये जाने वाले शांति बहाली के उपायों का विस्तृत रोड मैप पेश करेंगे। परन्तु प्रधानमंत्री ने जब शाम 5 बजकर 8 मिनट पर बोलना शुरू किया तो लगभग एक घंटे तक उनका पूरा भाषण विपक्ष का मजाक उड़ाने,कांग्रेस पार्टी व नेहरू गाँधी परिवार का अपमान करने, अविश्वास प्रस्ताव का अट्हास करने,अपनी पीठ थपथपाने, गड़े मुर्दे उखाड़ने तथा राहुल गाँधी की खिल्ली उड़ाने आदि में बीता। स्वभाविक रूप से जो विपक्ष प्रधानमंत्री से मणिपुर के बारे में उनकी सरकार के पक्ष को उनके मुंह से सुनना चाह रहा था,एक घंटे उनका 'प्रवचन' सुनने के बाद 'मणिपुर-मणिपुर' के नारे लगाने लगा। यह नारेबाजी काफी देर तक चलती रही फिर भी प्रधानमंत्री ने मणिपुर का कोई जिक्र नहीं किया। प्रधानमंत्री के 1 घंटा 31 मिनट के भाषण के बाद आखिरकार 'इंडिया' गठबंधन' का धैर्य जवाब दे गया और वे वॉक आउट कर गये। इंडिया गठबंधन ने शाम 6.40 के करीब वॉकआउट किया।

## उड़न चुंबन

**डॉ. सुरेश कुमार**

**मेरे** सपने में चुंबन देव प्रकट हुए। मैंने उनसे देशकाल के बारे में बातचीत करते हुए कहने लगा - हे चुंबन देव! आपसे प्रार्थना है कि आप चुंबन का महत्व बताते हुए उड़न चुंबन पर विशेष प्रकाश डालें। चुंबन देव बोले झ्र उड़न चुंबन! न बाबा न। जान है तो जहान है का मंत्र जाप करते हुए कर में माला लिए मन को दस दिशाओं में घुमा रहा हूँ। लोगों को यह समझाने का प्रयास कर रहा हूँ कि तुम जो चाहे और जैसे चाहे चुम्मा दे देना और ले लेना लेकिन उड़न चुंबन के बारे में कतई मत सोचना। बाकी चुंबन में असली वाली फीलिंग होती है, जबकि उड़न चुंबन में न अहसास होता है और न कोई सुख। हाँ उल्टे लतियाने और विवादों में फंसने की संभावना बढ़ जाती है। चुंबन देव ने विनम्रतापूर्वक मना किया। आगे कहना जारी रखा - "ये मुझसे नहीं हो पायेगा। लिप टु लिप किस का वर्णन किया जा सकता है, फ्रेंच किस की अनुभूति कराई जा सकती है पर उड़न वाले चुंबन पर प्रकाश डालना तो दूर टॉर्च लाइट छूने भर की हिम्मत भी नहीं की जा सकती।" "पर मैंने तो सुना है कि चुंबनदेव हर तरह के चुम्मे का वर्णन कर सकते हैं-- भगवन अंग्रेजी फिल्मों में तो चुम्मे के सीन ऐसे दिखाए जाते हैं जैसे उसके बिना फिल्म बन ही नहीं सकती। ऐसे में आपको उड़न चुंबन के बारे में बताने में आपको क्या आपत्ति है?" "देखो बेटा! जब फिल्म वालों के पास कोई कहानी नहीं होती तब चुम्मों का इस्तेमाल मसाले के तौर पर करते हैं। यही मसाले आगे चलकर पूरी मूवी रूपी सब्जी पर भारी पड़ते हैं। लोगों का क्या है वे पूरी फिल्म देखने के लिए थोड़ी न आते हैं। वे आते हैं इसी तरह के दो-चार चुम्मे वाले दृश्य देखने के लिए।" झ्र चुंबन देव ने मुझे टालने के अंदाज में कहा।

"वाह! क्या बात कही आपने"- मैं हाथ जोड़ते हुए चुंबनदेव की प्रशंसा करने लगा। आगे कहा - "पूरे देश में उड़न चुम्मे का समाचार प्रमुखता से छापा और दिखाया जा रहा है, क्या चक्कर है ये" "देखो बच्चा इस उड़न चुम्मे ने बड़े-बड़े मुद्दों को ठंडे बस्ते में डाल दिया है।

फलानी जगह पर औरतें नंगी घुमाई जाएँ कोई बात नहीं, जिंदा जलाई जाएँ कोई बात नहीं, सामूहिक बलात्कार किए जाएँ कोई आपत्ति नहीं, किंतु उड़न चुम्मे पर घोर आपत्ति जतानी चाहिए।

# डीसी विक्रम सिंह ने 77 वें जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस की फाइनल रिहर्सल में किया ध्वजारोहण

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** डीसी विक्रम सिंह ने आज रविवार को 77 वें जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस की फाइनल रिहर्सल में ध्वजारोहण किया। फाइनल रिहर्सल में स्वतंत्रता दिवस समारोह के सफल आयोजन के लिए डीसी विक्रम सिंह ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियो को दिशा-निर्देश दिए। वहीं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पांच टीमें जिलास्तरीय समारोह में फरीदाबाद हैलीपैड ग्राउंड पर और पांच टीमें बडखल में तथा अन्य टीमों ने बल्लबगढ में फूलड्रैस रिहर्सल में प्रस्तुतियां दी।



- उपमंडल स्तरीय रिहर्सल में एसडीएम ने किया ध्वजारोहण:- बड़खल और बल्लभगढ़ में एसडीएम पंकज सेतिया और त्रिलोक चंद ने फाइनल रिहर्सल में ध्वजारोहण किया। स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर जिला प्रशासन द्वारा पुख्ता तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जहां पांच सांस्कृतिक टीमें जिला स्तरीय समारोह में फरीदाबाद हैलीपैड ग्राउंड और उपमण्डल स्तर पर पांच टीमें बडखल में तथा अन्य टीमें बल्लबगढ में फूलड्रैस रिहर्सल में प्रस्तुतियां दी गई।

आज रविवार को जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए डीसी विक्रम सिंह के दिशा-निर्देश पर सेक्टर-12 हेलीपैड ग्राउंड में परेड व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रिहर्सल की गई । जहां डीसी स्वयं ने परेड की सलामी ली। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय व उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की फाइनल रिहर्सल आज/ रविवार को सेक्टर-12 स्थित हेलीपैड ग्राउंड में आयोजित की गई है । इसके अलावा सबडिविजनल स्तर पर बल्लभगढ़ के दशहरा ग्राउंड में बल्लभगढ़ में और बड़खल के लिए बड़खल के दशहरा ग्राउंड में फाइनल रिहर्सल आयोजित की गई हैं। आपको बता दें कि इस बार जिलास्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में फरीदाबाद में प्रदेश के प्रिंटिंग एवं स्टेशनरी राज्यमंत्री संदीप सिंह ध्वजारोहण करेंगे, बल्लभगढ़ में विधायक सीमा त्रिखा व बड़खल में विधायक दीपक मंगला ध्वजारोहण करेंगे।

फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल में रही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम:- जिला स्तरीय समारोह के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनआईटी- 2, देशभक्ति गीत मिले सुर मेरा तुम्हारा, राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा, देश भक्ति गीत तेरा जलवा जलवा, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, ओल्ड फरीदाबाद, राजस्थानी डांस कालो कूद पढ़ो मेला में, डायनेस्टी इंटरनेशनल स्कूल, देशभक्ति गीत यह देश है वीर जवानों का और राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनआईटी- 5, हरियाणवी मैं सू हरियाणे की छोरी की छात्र छात्राओं ने बहुत ही सुन्दर प्रस्तुतियां दी गई।

# तिरंगा यात्रा ने भारतवासियों में किया नए जोश का संचार : राजेश नागर

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** देश की आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत तिगांव विधानसभा क्षेत्र में भी विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया जिसका नेतृत्व विधायक राजेश नागर ने किया। यह यात्रा धीरज नगर से बसंतपुर तक गई जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने भागीदारी की। इस अवसर पर विधायक राजेश नागर ने कहा कि हमें यह आजादी असंख्य बलिदानों के बाद प्राप्त हुई है। जिसे हमें सहेजकर रखना होगा। हमारी जिम्मेदारी केवल अपने बच्चों को ही पालने की नहीं है बल्कि देश का नेतृत्व करने की भी है और देश के नेतृत्व पर निगाह भी रखने की है। हमें



चाहिए कि हम देश की आंख, नाक और काम बनें जिससे कि किसी भी प्रकार की गलत गतिविधि को जल्द पता लगा सकें और उसके लिए जरूरी कार्रवाई कर सकें।

इसके साथ ही देश के मजबूत बाजु भी बनें कि जिससे हम देशविरोधी, समाजविरोधी गतिविधियों के खिलाफ मजबूती से खड़े हो सकें।

विधायक राजेश नागर ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल अनेक मोर्चों पर डटकर खड़े हैं कि जिससे देश और प्रदेश तरक्की की राह पर चल रहा है साथ ही वह देश वासियों और प्रदेशवासियों में देश के प्रति भावना को भी मजबूती दे रहे हैं क्योंकि देश प्रदेश वहां के निवासियों से ही बनता है। आज जब हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं तो हमारी जिम्मेदारी भी बढ़ रही है।

# एसीपी ने दून भारती पब्लिक स्कूल में छात्रों को सड़क सुरक्षा के मद्देनजर "एक्सीडेंट फ्री फरीदाबाद" पहल के प्रति किया जागरूक

**सड़क सुरक्षा**

**▶▶ लहू की जरूरत सरहद पर है, सड़कों पर नहीं-एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा निर्देश व डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन के मार्गदर्शन में फरीदाबाद पुलिस ने शहर की सड़कों को सभी के लिए सुरक्षित बनाने के लिए सड़क सुरक्षा के मद्देनजर 'एक्सीडेंट फ्री फरीदाबाद' नामक महत्वाकांक्षी पहल की शुरूआत की थी जिसके तहत एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार ने आजादी के अमृत महोत्सव पर दून भारती पब्लिक स्कूल में छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को इस महत्वकांक्षी पहल के बारे में जागरूक करते हुए सड़क सुरक्षा का महत्व समझाया।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि जुलाई माह में शुरू की गई #एक्सीडेंटफ्रीफरीदाबाद पहल का उद्देश्य विभिन्न माध्यमों से सड़क सुरक्षा जागरूकता और सड़क सुरक्षा नियमों के पालन को बढ़ावा देना है। छात्रों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए एसीपी ट्रैफिक ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में बहुत से लोगों की जान चली जाती है और इन सड़क दुर्घटनाओं के पीछे का कारण यातायात नियमों की अवमानना करना है। उन्होंने कहा कि हमारे लहू की आवश्यकता सरहद पर है, सड़कों पर नहीं; इसलिए आवश्यक है कि हम सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें तथा अपने और अपने साथियों को भी यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम के समापन पर छात्रों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की शपथ दिलवाई गई। फरीदाबाद पुलिस द्वारा आमजन की सुरक्षा के लिए यह प्रयास हमेशा जारी रहेंगे और इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए फरीदाबाद पुलिस द्वारा निम्न प्रकार के प्रयास किए जा रहे हैं:

1. मुफ्त हेलमेट वितरण अभियानः सख्त प्रवर्तन और सक्रिय समर्थन के बीच संतुलन बनाते हुए, फरीदाबाद पुलिस हेलमेट के उपयोग को लागू कर रही है। सड़क सुरक्षा नियमों के उल्लंघनकताओं को चालान जारी करने के बाद मुफ्त हेलमेट भी वितरित कर रही है।

2. सड़क सुरक्षा क्लबः छात्रों और नागरिकों को सड़क सुरक्षा पहल में शामिल करने के लिए फरीदाबाद और बल्लभगढ़ ब्लॉक में संस्थानों के हितधारकों की सक्रिय भागीदारी के साथ विभिन्न सड़क सुरक्षा क्लब बनाए जा रहे हैं।

3. रचनात्मक प्रतियोगिताएँ: फरीदाबाद पुलिस लघु फिल्मों, स्लोगन, नुक्कड़ नाटकों और पोस्टर बनाने की प्रतियोगिताओं के माध्यम से सड़क सुरक्षा जागरूकता फैलाने में रचनात्मकता को प्रोत्साहित कर रही है।4. मैराथन, बाइक और साइकिल रैलीः विभिन्न समुदाय को शारीरिक गतिविधियों में शामिल करते हुए, यह पहल फिटनेस और सड़क सुरक्षा प्रतिबद्धता को बढ़ावा देने के लिए मैराथन, बाइक और साइकिल रैलियां आयोजित करेगी।

5. ऑनलाइन शपथः यह पहल व्यक्तियों को यातायात नियमों का पालन करने और दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करने की ऑनलाइन शपथ लेने के लिए आमंत्रित करती है।

# हिसार : हांसी में दुकानदार से मांगी बीस लाख की रंगदारी

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

जिले के कस्बा हांसी में अज्ञात बदमाशों ने एक दुकानदार से 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगी है। रंगदारी न देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई है वहीं इस घटना से क्षेत्र के दुकानदारों में भय का माहौल है। हांसी के लाल सड़क स्थित खातियान मोहल्ला के विनय कुमार ने प्रताप बाजार में जींस क्लब नाम से रेडीमेड कपड़े की दुकान कर रखी है। दुकानदार के अनुसार शनिवार रात को जब वह अपनी दुकान के काउंटर पर बैठा था तो एक लड़का दुकान के अंदर आया और एक सफेद गत्ता उसके सामने रखकर चला गया।

# सीजीएसटी एडीसी राजेश कुमार को तबादला होने पर दी विदाई

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** सीजीएसटी के एडीसी राजेश कुमार का तबादला होने के पश्चात उनका विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विदाई देने वालों में फरीदाबाद जिला टैक्स बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट संदीप सेठी, सीएमए फरीदाबाद चैप्टर के पूर्व अध्यक्ष सचिन कथूरिया ने अपने साथियों के साथ राजेश कुमार को बुक्के देकर विदाई दी।



उपस्थित व्यापारियों व अधिवक्ताओं को सम्बोधित करते हुए एडवोकेट संदीप सेठी ने कहा कि टैक्स रिफॉर्म के तहत जीएसटी प्रणाली की शुरूआत हुई जिसमें अधिकारियों ने काफी मशक्कत के बाद सामान्यतः संचालन कराया जिससे व्यापारियों एवं प्रोफेशनल्स को अब काफी राहत महसूस हो रही है और सरकार का रेवेन्यू भी बढा है, आईआरएस राजेश कुमार के कार्यकाल में कई जगह बड़ी रेड्स हुई हैं और व्यापारियों को राहत देने में उनकी कार्यशैली ऐसी रही है की सामान्य व्यापारी उद्योगपति और प्रोफेशनल्स काफी राहत महसूस करते रहे हैं। उनके कार्य को सराहा जाएगा। उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए एडवोकेट सेठी ने बताया कि राजेश कुमार ने अपने कार्यकाल के दौरान करदाताओं के अधिकारों की रक्षा करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है उन्होंने कर विभाग के कई प्रोजेक्ट्स को सही दिशा में अग्रसर करने के लिए भी कदम उठाए हैं।

सीएमए सचिन कथूरिया ने बताया की प्रशासनिक कौशल और नेतृत्व का समर्थन करते हुए सरकार की नीतियों को धरातल पर लागू करवाया पेशेवर और व्यवसायिक समुदाय में उनके कामों की काफी सराहना रही है, उद्योगपति दशरथ चौरसिया, निलेश झा, विक्रम सिंह आदि लोगों ने भी एडीसी राजेश कुमार की नई कर नीतियों में व्यापारियों का सहयोग और करदाताओं को उनको अधिकारों व कर्तव्य के प्रति संकल्पित करते रहे हैं जिसके परिणाम स्वरूप बहुत सारी समस्याओं का निराकरण हुआ प्रतिनिधि मंडल में शामिल सभी अधिवक्ता, व्यापारी नई जिम्मेदारियों का निर्वहन बहुत अच्छे से कर सकेंगे।

# वर्धमान महावीर सेवा समिति द्वारा सम्मान समारोह आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** आज वर्धमान महावीर सेवा समिति द्वारा सम्मान समारोह एवं भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें समाज में सेवा के कार्य कर रहे लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सर्वोदय हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर श्रेयांश जैन तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रमुख समाज सेवी नरेंद्र जैन उपस्थित थे। संस्था की कोषाध्यक्ष श्रीमति नंदा जैन ने संस्था के सामाजिक कार्यों के बारे में उपस्थित जनों को विस्तार से बताया।



समिति के संस्थापक डॉक्टर सुभाष जैन द्वारा राजकीय महिला महाविद्यालय महेन्द्रगढ़ में वाटर कूलर हेतू 50000 का चेक वहां की प्रिंसिपल को सौंपा गया। कार्यक्रम में नरेंद्र जैन द्वारा सभी को तिरंगे वितरित किए गया। इस अवसर पर श्री जैन ने सभी से अपील की है कि वह स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर में तिरंगा लगाकर देश का मान बढ़ाए। कार्यक्रम में विकास जैन, प्रदीप जैन, आर सी जैन, एम एल जैन, सुषमा जैन, धन कुमार जैन, अमित आर्य, एम के जैन विशेष तौर पर मौजूद थे। कार्यक्रम के पश्चात भण्डारे का भी आयोजन किया गया।

# देश के बलिदानियों और भारत मां के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए निकाली गई तिरंगा यात्राएं: मूलचंद शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया/ बल्लभगढ़/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में तिरंगा यात्रा का शुभारंभ करते हुए कहा कि यह यात्रा देश के बलिदानियों और भारत मां के वीर सपूतों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए निकाली गई है।

बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में तिरंगा यात्रा पूरे जोश और हर्ष तथा उल्लास के साथ निकाली गई है। यह तिरंगा यात्रा करीब 4 किलोमीटर लंबी यात्रा सेक्टर- 3 के पुल से शुरू होकर तिगांव रोड मोहना रोड होते हुए सेक्टर- 2 परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा के कार्यालय पर सम्पन्न हुई। सकड़ो भाजपा कार्यकताओं और शहर के गणमान्य लोगों ने तिरंगा यात्रा में हिस्सा लिया।

**तिरंगा यात्रा में युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने भागीदारी करके मिसाल कायम की:-**

जहां शहर के युवाओं के साथ साथ बुजुर्गों में देशभक्ति का जोश देखने को मिला। तिरंगा यात्रा में महिलाओं ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र तिरंगा यात्रा में देश भक्ति के गीतों पर गूंज उठा।

कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ के अंबेडकर चौक पर बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा पर अर्पित की पुष्प माला करते हुए कहा कि हमे बाबा साहेब ने संविधान में लिख कर मौलिक अधिकार और सामाजिक कर्तव्य दिए हैं।

ये रहे तिरंगा यात्रा में मौजूद:- बल्लभगढ़ तिरंगा यात्रा में भाजपा के जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, हरको बैंक के चेयरमैन हुकम सिंह भाटी, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुखबीर मलेरना, भाजपा नेता टीपर चंद शर्मा सहित शहर के गणमान्य लोग और भाजपा के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पंजाब से आकर कैथल में लिया मैरिज पैलेस और बना डाला जुए का अड्डा

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**

पंजाब के जुआरियों ने जुआ खेलने के लिए चीका के गांव सदर खेड़ी में एक मैरिज पैलेस किराए पर ले रखा था। जहां पर पंजाब से लोग जुआ खेलने के लिए आते थे। पुलिस ने शनिवार देर रात मैरिज पैलेस पर छापेमारी कर 20 लोगों को जुआ खेलते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। इनमें मैरिज पैलेस की निगरानी कर रहे दो चौकीदार भी शामिल है। पुलिस मैरिज पैलेस के मालिक की तलाश कर रही है। छापे के दौरान डीएसपी गुहला सुनील कुमार, चीका थाना प्रभारी राजेश कुमार सहित बड़ी संख्या में पुलिस के जवान मौजूद थे। चीका-पटियाला रोड पर गांव सदरेहड़ी के पास बने एक पैलेस में पिछले कई माह से जुआ का धंधा चल रहा था। आज शाम को कैथल से आई पुलिस टीम ने डीएसपी गुहला व एसएचओ चीका के साथ पैलेस में रेड की तो वहां पर लगभग एक दर्जन लोग जुआ खेलते हुए पाए गए, जिन्हें पुलिस ने काबू कर लिया और चीका थाना लाया गया। डीएसपी सुनील कुमार ने बताया कि पुलिस को पुष्ट सूचना मिली थी कि पटियाला रोड पर बने एक पैलेस में जुआ खेला जाता है। सूचना के आधार पर शुक्रवार को वहां रेड कर जुआ खेल रहे कई लोगों का काबू किया है।

# मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** आजादी का जश्न मनाने और वीर जवानों को याद करने के लिए देशभर मे ॖमेरी माटी मेरा देशॗ कार्यक्रम जोरों पर हैं। वही आज इसी कड़ी मे हार्डवेयर चौक से प्याली चौक तक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन कुमाऊ सांस्कृतिक मण्डल (रजि0) फरीदाबाद द्वारा लगभग 60 पोधे ट्री गार्ड के साथ लगाए गए। कार्यक्रम मे वायु सेना स्टेशन फरीदाबाद के लगभग 60 जवान ने शिरकत भी की ओर पोधारोपण कार्यक्रम मे सहयोग किया।



पोधारोपण कार्यक्रम के अवसर पर कुमाऊ सांस्कृतिक मण्डल के अध्यक्ष दिगम्बर सिंह बिष्ट जानकारी देते हुए बताया की इस अभियान का उद्देश्य उन बहादुर स्वतंत्रता सेनानियों और वीरों का सम्मान करना है, जिन्होंने देश के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। उन्होंने बताया की आज हमने उन सभी जवानो को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए इस पूरे हार्डवेयर प्याली मार्ग पर नीम, पीपल, बढ़, कदम, पिलखन, गूलर, टीपोबईया, पिलखन, अलिसटोनीय आदि के 8 से 10 फुट के पोधे लगाने का कार्य किया है। इस अवसर पर वायु सेना स्टेशन से आए स्क्वाड्रन लीडर अंकित ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ॖमेरी माटी मेरा देश; आजादी का अमृत महोत्सव का समापन कार्यक्रम होगा, जिसके तहत भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने का उत्सव मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले साल आयोजित राष्ट्रव्यापी अभियान, हर घर तिरंगा बेहद सफल रहा था और इस साल आजादी का अमृत महोत्सव के तहत एक और महत्वाकांक्षी कार्यक्रम ॖमेरी माटी मेरा देशॗ शुरू किया जा रहा है। जिसमें हम सभी के लिए अपनी विराट संस्कृति विरासत के अवलोकन तथा मातृ भूमि के वीर सपूतों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, के योगदान से प्रेरणा लेने का स्वर्णिम अवसर है।

# 20 अगस्त को फरीदाबाद लोकसभा की महारैली को लेकर झोंकी ताकत

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** जननायक जनता पार्टी की फरीदाबाद लोकसभा रैली को सफल बनाने को लेकर जिला अध्यक्ष , राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य दिनेश डागर का रविवार को बैठक का दौर जारी रहा। इसके मद्देनजर वह तिगांव विधानसभा में प्रदेश प्रवक्ता उमेश भाटी के कार्यालय पर मीटिंग लेने के लिए पहुंचे। इस मौके पर सैकड़ो की संख्या में मौजूद जेजेपी कार्यकताओं ने दिनेश डागर और जेजेपी नेता अजय भड़ाना का जोरदार स्वागत किया। प्रदेश प्रवक्ता उमेश भाटी ने तिगांव विधानसभा में पहुंचने पर दिनेश डागर का फूल मालाओं से स्वागत



करते हुए जेजेपी पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाए बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य दिनेश डागर ने कार्यकताओं से आह्वान किया कि छायसा मोहना में 20 अगस्त को होने वाली फरीदाबाद लोकसभा की महारैली को लेकर वह आज तिगांव विधानसभा में कार्यकताओं को न्योता देने के लिए पहुंचे हैं। तिगांव विधानसभा के कर्मठ सबके चहेते प्रदेश प्रवक्ता उमेश भाटी के कार्यालय पर सैकड़ों की संख्या में उपस्थित पार्टी कार्यकताओं को वह रैली को किस तरीके से सफल बनाया जाए इसको लेकर के आज इस बैठक का आयोजन किया गया है दिनेश डागर ने कार्यकताओं को अपने संबोधन में कहा कि फरीदाबाद की रैली ऐतिहासिक रैली होगी और यह रैली सोनीपत की रैली का भी रिकॉर्ड तोड़ देगी, सभी विधानसभाओं में कार्यकर्ता इस रैली को सफल बनाने के लिए जी जान से जुट हुए है डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला और राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय चौटाला जी भी हरियाणा के 10 लोकसभा सीटों में जनता के बीच किए गए विकास कार्यों के वादों को लेकर जनता के बीच जा रहे हैं। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता उमेश भाटी ने कहा कि तिगांव विधानसभा से हजारों की संख्या में लोग 20 अगस्त की जननायक जनता पार्टी की महा रैली को सफल बनाने में अपना पूर्ण सहयोग देंगे उमेश भाटी ने कहा कि जेजेपी अपने मिशन 2024 का आगाज कर चुकी है इस मिशन के तहत जेजेपी हरियाणा की सभी 10 सीटों पर हर महीने दो ऐतिहासिक रैलियां कर रही है। फरीदाबाद में दूसरी रैली होने वाली है जिसको सफल बनाने में कार्यकताओं में काफी जोश है और कार्यकर्ता डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला जी के हाथ को और ज्यादा मजबूत करने के लिए जी जान से जुट गए है।

बैठक में भारत यादव, संजय श्रीवास्तव ,सुरेश कुमार ,आलोक कुमार, पवन कुमार अमित ठाकुर, अमित शर्मा ,अनिता कुमारी, ठाकुर भूकंप सिंह ,गगन सिंह, सीमा श्रीवास्तव, सीमा सिंह, जगबीर चौधरी, ममता कुमारी ,जितेंद्र भारद्वाज, चमन बाबा, जीतू आशीष कुमार , रितिक राजपूत चमन लाल, नकुल ,अजीत सहित जेजेपी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सेक्टर 11 पुलिस ने हुक्का बार चला रहे आरोपी को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी बल्लबगढ़ राजेश दुग्गल के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस चौकी सेक्टर 11 प्रभारी कर्मबीर व उनकी टीम ने एक बार में हुक्का सर्वे कर रहे बार मलिक को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपों का नाम शिवम है जो सेक्टर 65 शाहपुरा का रहने वाला है। पुलिस को गुणसूत्र से सूचना प्राप्त हुई की सेक्टर 9/10 डिवाइडिंग रोड के पास स्थित इंपीरियल केज नामक बार में हुक्का परोसा जा रहा है। सूचना पर तुरंत



कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और देखा तो बाहर में फ्लेवर हुक्का सर्व किया जा रहा था। पुलिस ने बार मालिक से पूछताछ की और मौके से 2 हुक्के व फ्लेवर तंबाकू बरामद कर आरोपी को काबू करके थाने लाया गया जहां उसके खिलाफ कोटपा व पॉइजन एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपी ने बताया कि नवयुवक वहां पर आकर हुक्का पीते हैं इसलिए उसके बार की अच्छी कमाई हो जाती है इसलिए वह हुक्का सर्व करता था

# हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप से बाहर हुए जैकब किप्लिमो

**कंपाला।** युगांडा के लंबी दूरी के स्टार धावक जैकब किप्लिमो हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण बुडापेस्ट में 19-27 अगस्त को होने वाली आगामी विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप से बाहर हो




गए हैं। युगांडा एथलेटिक्स फेडरेशन (यूएएफ) द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में अध्यक्ष डोमिनिक ओटुचेट ने बताया, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि डॉक्टर ने हमें शुक्रवार को बताया कि किप्लिमो की हैमस्ट्रिंग चोट उन्हें हंगरी में प्रतिस्पर्धा करने नहीं दे सकती, इसलिए हमने फैसला किया है कि उन्हें चैंपियनशिप से बाहर किया जाए। विश्व चैंपियन जोशुआ किप्रुई चेप्टेगी के साथ किप्लिमो 5,000 मीटर और 10,000 मीटर दौड़ में युगांडा के पदक के दावेदार थे। ओटुचेट ने कहा, यह एक बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना है क्योंकि उनके न होने से युगांडा के लिए एक पदक कम हो गया। लेकिन हम टीम के शेष 20 सदस्यों पर ध्यान केंद्रित करेंगे जो चैम्पियनशिप में हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि किप्लिमो को 1 अगस्त को कपचोरवा में स्पीड ट्रेनिंग सत्र के दौरान चोट लगी थी।ओटुचेट ने यह स्पष्ट कर दिया कि एक महासंघ के रूप में वे किप्लिमो की रिकवरी सुनिश्चित करने के लिए जो भी करना होगा वह करेंगे।

# मिजोरम क्रिकेट बोर्ड ने पेश की Nepotism की सबसे बड़ी उदाहरण, कोहली के साथ हो गई बेवफाई

**मिजोरम।** मिजोरम क्रिकेट बोर्ड अपनी नेपोटिज्म से जुड़ी एक उदाहरण के चलते चर्चा में आ गया है। बोर्ड की ओर से सोशल मीडिया पर एक नोट डाल गया है जिसमें 3 बाहरी प्लेयरों की टीम में नियुक्ति की रिपोर्ट दी गई है। बोर्ड ने मुंबई से अग्नि देव चोपड़ा, यूपी से मोहित जांगड़ा और कनार्टक से केसी केरिप्पा को टीम में शामिल किया है जबकि बड़ी बात यह है कि बोर्ड ने इस बीच अपने सबसे बड़े प्लेयर के साथ ही बेवफाई कर दी है। मिजोरम के लिए खेलते हुए पिछले 4 सालों से तरुवर कोहली सबसे ज्यादा रन बनाने वाले प्लेयर रहे। लेकिन आगामी करार में उनके नाम का जिक्र ही नहीं है। उक्त ऑर्डर क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ मिजोरम की ओर से जारी किया गया है जिसमें स्पष्ट रूप से 3 गैस्ट प्लेयर को मिजोरम की सीनियर टीम में शामिल करने की घोषणा की गई है।

**सरफराज के बाद कोहली का नाम**

प्रथम श्रेणी फार्मेट में भारत के लिए पिछले चार सालों में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड सरफराज खान के नाम हैं। इसी लिस्ट में तरुवर कोहली दूसरे स्थान पर हैं। देखें आंकड़े-

सरफराज खान : 37 पारियां, 2970 रन
तरुवर कोहली : 34 पारियां, 2434 रन
मोहम्मद हुरैरा : 38 पारियां, 2252 रन
केन विलियमसन : 40 पारियां, 2285 रन
कुमांदु मेंडिस :51 पारियां, 2987 रन

# Jessica Pegula ने मांट्रियल क्वार्टरफाइनल में युगल जोड़ीदार कोको गॉफ को हराया

**मांट्रियल ।** अमरीकी खिलाड़ी जेसिका पेगुला ने हमवतन और अपनी युगल जोड़ीदार कोको गॉफ को 6-2, 5-7, 7-5 से हराकर लगातार तीसरे साल नेशनल बैंक ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पेगुला और गॉफ की जोड़ी ने अपने युगल मैच से हटने का फैसला किया था जिससे जापान की शुको ओयामा और इना शिबाहारा की जोड़ी



सेमीफाइनल में पहुंच गयी थी। पेगुला का सामना अब सेमीफाइनल में शीर्ष वरीय इगा स्वियातेक से होगा। पोलैंड की स्वियातेक ने अमेरिकी क्वालीफायर डेनियल कोलिंस को 6-3, 4-6. 6-2 से शिकस्त दी। एकल के अन्य क्वार्टरफाइनल में 15वीं वरीय रूस की लियूडमिला सामसोनोवा ने स्विट्जरलैंड की 12वीं वरीय बेलिंडा बेनसिच को 6-4, 6-4 से हराया।

# जायसवाल-शुभमन के अर्धशतक, टीम इंडिया ने 9 विकेट से जीता चौथा टी20 मुकाबला

**लॉडरहिल।** टीम इंडिया ने लॉडरहिल के मैदान पर विंडीज के खिलाफ खेले गए चौथे टी20 मुकाबले को 9 विकेट से जीतकर 5 मैचों की टी20 सीरीज में 2-2 की बराबरी हासिल कर ली है। टीम इंडिया को लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए शुभमन गिल के साथ यशस्वी जायसवाल ने उत्कृष्ट पारियां खेलीं। शुभमन ने जहां 47 गेंदों पर 77 रन बनाए तो वहीं, जायसवाल ने 51 गेंदों पर 84 रन बनाकर भारतीय टीम की जीत सुनिश्चित कर दी। सीरीज अब 2-2 की बराबरी पर आ गई है। रविवार को लॉडरहिल में ही पांचवां टी20 मुकाबला होगा जोकि टूर्नामेंट को विजेता डिसाइड करेगा।

इससे पहले भारतीय कप्तान हार्दिक ने पारी की शुरूआत अक्षर पटेल से करवाई जिन्हें पहले ही ओवर में मायर्स ने एक छक्का और एक चौका का सामना करना पड़ा। मायर्स (17) को अर्शदीप ने अपने पहले ओवर में सैमसन के हाथों आऊट कराया। इसके बाद ब्रैंडन किंग (18) ने हाथ दिखाए लेकिन अर्शदीप ने उन्हें भी कुलदीप के हाथों कैच आऊट




करवा दिया। कुलदीप ने विंडीज को सबसे बड़ा झटका देते हुए निकोल्स पूरण की विकेट निकाल दी। इसके फौरन बाद ही विंडीज कप्तान रोवमैन पॉवेल भी चलते बने। तभी शाई होप ने एक छोर संभाला और तेजी से रन बनाए।

होप ने 29 गेंदों पर 3 चौके और दो छक्कों की मदद से 45 रन बनाए। जबकि दूसरे छोर से हेटमायर ने जमने के बाद बड़े शॉट लगाने शुरू कर दिए। इसी बीच रोमारियो शैफर्ड 9 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। जेसन होल्डर ने तीन रन बनाए। उन्हें मुकेश कुमार ने बोल्ड किया। हेटमायर ने 39 गेंदों में 3 चौके और 4 छक्के की मदद से 61 रन बनाए और स्कोर 178 तक पहुंचा दिया। अर्शदीप ने 38 रन देकर 3 विकेट लिए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम इंडिया ने यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल की बदौलत बेहतरीन शुरूआत की। दोनों ने पहले पांच ओवर में ही स्कोर 50 पर ला खड़ा किया। पिछली पारी में 1 रन बनाकर आऊट होने वाले जायसवाल ने आते ही ताबड़तोड़ शॉट लगाए। पहले 9 ओवर में ही टीम इंडिया 93 रन बना चुकी थी। जायसवाल और शुभमन दोनों ने अर्धशतक बनाए।भारतीय टीम ने पहला विकेट 16वें ओवर में गंवाया जब गेंद को सीमा रेखा से बाहर उठाकर मारने के चक्कर में शुभमन गिल शाई होप के हाथों लपके गए। शुभमन ने 47 गेंदों पर तीन चौके और पांच छक्कों की मदद से 77 रन बनाए। इसके बाद क्रीज पर तिलक वर्मा आए। जायसवाल ने 51 गेंदों में 11 चौके और तीन छक्कों की मदद से 84 रन बनाए। वहीं, तिलक वर्मा 7 रन बनाकर नाबाद रहे और अपनी टीम को जीत दिला दी।

# दिल्ली के कार्तिकेय गोयल को विश्व कराटे महासंघ वैश्विक रैंकिंग में मिला तीसरा स्थान

**नई दिल्ली।** पैरा कराटे के क्षेत्र में भारत के उभरते सितारे, कार्तिकेय गोयल, विश्व कराटे महासंघ ( रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

नई दिल्ली के निवासी 20 वर्षीय कार्तिकेय का सफर काफी प्रेरणादायक रहा है। हाल ही में, उन्होंने मलेशिया में दूसरे एशियाई पैरा चैम्पियनशिप 2023 में रजत पदक जीता था, उससे पहले उन्होंने 2022 में उज्बेकिस्तान में एशियाई कराटे चैम्पियनशिप में भी रजत जीता। कार्तिकेय का जन्म इंजीनियरों के परिवार में हुआ था, लेकिन चार वर्ष की उम्र में उन्होंने सीवियर मेनिंजाइटिस के कारण सुनने और देखने की क्षमता खो दी। लेकिन ऐसी चुनौतियों ने उन्हें मजबूत बनाया। उनकी वैश्विक मंच पर प्राप्त उपलब्धियों की सूची लंबी है। उन्होंने 2022 में नेवाडा, अमेरिका में आयोजित यूएस ओपन और जूनियर इंटरनेशनल कप कराटे चैम्पियनशिप में पारा श्रेणी में प्रतिस्पर्धा की थी जहां उन्होंने 2 स्वर्ण और 1 रजत जीता।

विश्व कराटे महासंघ वैश्विक रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुँच चुके कार्तिकेय को उम्मीद है कि वह आगामी पैरा ओलंपिक्स और विश्व कराटे चैम्पियनशिप में भारत के तरफ से भाग लेंगे । उन्होंने कहा कि सरकार से अधिक सुविधाएं प्रदान की जानी चाहिए ताकि वह वैश्विक मंच पर अधिक प्रदर्शन कर सकें। कार्तिकेय गोयल सिर्फ एक कराटे चैम्पियन नहीं हैं, वह जीवन में आने वाली चुनौतियों के बावजूद संकल्पना, जज्बा और कठिनाई से क्या प्राप्त किया जा सकता है, उसका प्रतीक हैं। सिर्फ कार्तिकेय नहीं दिल्ली के और भी कराटे खिलाड़ी है जो देश का नाम रौशन कर रहे हैं जैसे अनिकेत गुप्ता (कप्तान ऑफ़ इंडियन × दिल्ली कराटे टीम), दीपिका धीमान, प्रणय शर्मा, अख्तर, नविन भिंडिया और बासु खरे भी राज्य का नाम रौशन कर रहे हैं7 सभी खिलाड़ियों ने 19वीं एशियन सीनियर कराटे चैम्पियनशिप 2023 में भाग लिया और अपना-अपना स्थान प्राप्त किया। अनिकेत ने अमीरात स्पोर्ट्स कराटे ओपन में कांस्य पदक जीता।

# भारत ने चौथी बार जीता एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब

**चेन्नई।** भारतीय टीम ने एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी 2023 का खिताब जीत लिया है। फाइनल मैच में एक समय मलेशिया से 3-1 से पिछड़ने के बाद भारतीय टीम ने जबरदस्त वापसी की और 4-3 के अंतर से मुकाबला जीत लिया। इस तरह भारत ने रिकॉर्ड चौथी बार एशियन हॉकी चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। भारत के बाद पाकिस्तान ने तीन बार यह ट्रॉफी जीती है।

मैच की शुरुआत से ही मलेशिया ने भारत पर दबाव बनाकर रखा लेकिन भारतीय टीम भी डिफेंसिव खेल के मूड में नहीं थी। दोनों तरफ से लगातार हो रहे अटैक के बीच पहली सफलता भारत के हाथ लगी। जब 9वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर जुगराज सिंह ने गोल कर दिया। हालांकि मलेशिया ज्यादा देर तक भारत से पीछे नहीं रहा और 14वें मिनट में अबु कमाल ने गोल दाग कर अपनी टीम को बराबरी पर



ला दिया। इसे बाद मलेशियाई खिलाड़ियों ने तेजी दिखाई और 18वें और 28वें मिनट में दो लगातार गोल तक भारत पर 3-1 की बढ़त बना ली। दूसरे क्वार्टर तक 3-1 से पिछड़ने के बाद भारतीय टीम ने बराबर की काफी मशक्कत की लेकिन तीसरे क्वार्टर के पहले 14 मिनट तक कोई सफलता नहीं मिली। हालांकि तीसरे क्वार्टर के आखिरी मिनट में भारतीय खिलाड़ियों ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए टीम की वापसी कराई। 45वें मिनट में मिले पेनल्टी पर कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने गोल किया, फिर इसी मिनट में गुरजंत सिंह ने फील्ड गोल तक भारत को बराबरी पर ला दिया। तीसरे क्वार्टर तक खेल 3-3 की बराबरी पर रहा। इसके बाद आखिरी क्वार्टर में दोनों टीम के पास मैच का रुख अपनी तरफ करने का मौका था लेकिन तमाम कोशिशों के बाद भी मलेशिया कोई गोल नहीं कर सका। वहीं, चौथे क्वार्टर का खेल समाप्त होने से छह मिनट पहले भारत के लिए आकाशदीप सिंह (56वें मिनट) ने निर्णायक गोल कर टीम को जीत दिला दी।

# हॉकी इंडिया ने सीनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 34 सदस्यीय कोर संभावित समूह की घोषणा की

**बेंगलुरु।** हॉकी इंडिया ने बेंगलुरु के साई सेंटर में शुरू होने वाले सीनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 34 सदस्यीय कोर संभावित समूह की घोषणा की है। यह शिविर प्रतिष्ठित हांग्जो एशियाई खेलों से पहले 18 सितंबर 2023 को समाप्त होगा। भारतीय महिला हॉकी टीम हांग्जो एशियाई खेलों में अपने अभियान की शुरुआत 27 सितंबर 2023 को सिंगापुर के खिलाफ करेगी। भारत को पूल ए में कोरिया, मलेशिया, हांगकांग चीन और सिंगापुर के साथ रखा गया है।

पिछले महीने बार्सिलोना में 100वीं वर्षगांठ स्पेनिश हॉकी फेडरेशन-अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में मेजबान स्पेन पर 3-0 की जीत के बाद भारतीय खिलाड़ी आत्मविश्वास के साथ शिविर में प्रवेश करेंगे। आगामी राष्ट्रीय



कोचिंग शिविर को लेकर, भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच जेनेके शोपमैन ने कहा, 'हमने अपनी हालिया प्रतियोगिताओं में दिखाया है कि हम एक टीम के रूप में विकसित हो रहे हैं और लगातार सीख रहे हैं। आगामी शिविर हमारे लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि हम हांग्जो एशियाई खेलों के लिए हमारी तैयारियों को अंतिम रूप दे रहे हैं, जो पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए स्थान सुरक्षित करने का हमारा मार्ग हो सकता है।' उन्होंने कहा, 'हम शिविर में उन क्षेत्रों पर काम करेंगे जहां हमें अभी भी सुधार करने की आवश्यकता है और यह सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे कि सभी खिलाड़ी उस तरह की हॉकी खेलने में सहज हों जो हम खेलना चाहते हैं। यह महत्वपूर्ण है कि आने वाली सभी महत्वपूर्ण प्रतियोगिता से पहले हम सभी एक ही पृष्ठ पर हों।'

**34 सदस्यीय कोर-संभावित समूह में खिलाड़ियों की सूची इस प्रकार है:**

गोलकीपर -1. सविता 2. रजनी एतिमारपु 3. बिच्छू देवी खारिबाम 4. बंसरी सोलंकी

डिफेंडर्स- 5. दीप ग्रेस एक्का 6. गुरजीत कौर 7. निक्की प्रधान 8. उदिता 9. इशिका चौधरी 10. अक्षता अबासो ढेकाले 11. ज्योति छत्री 12. महिमा चौधरी

मिडफील्डर- 13. निशा,14. सलीमा टेटे 15. सुशीला चानू पुखरामबम 16. ज्योति 17. नवजोत कौर 18. मोनिका 19. मारियाना कुजूर 20. सोनिका 21. नेहा 22. बलजीत कौर 23. रीना खोखर 24. वैष्णवी विट्ठल फाल्के 25. अजमीना कुजूर।

फॉरवर्ड- 26. लालरेम्सियामी 27. नवनीत कौर 28. वन्दना कटारिया 29. शर्मिला देवी 30. दीपिका 31. संगीता कुमारी 32. मुमताज खान 33. सुनेलिता टोप्पो 34. ब्यूटी डुंगडुंग।

# चौथा टी20 जीतकर बोले Hardik Pandya- हम कल वही करेंगे जो आज किया

**लॉडरहिल।** टीम इंडिया आखिरकार 5 टी20 मैचों की सीरीज में 2-2 की बराबरी पर आ गई है। लॉडरहिल में खेला गया चौथा टी20 भारतीय टीम ने यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिलके तेजतर्रार अर्धशतकों की बदौलत 9 विकेट से जीत लिया। सीरीज में बराबरी कर भारतीय कप्तान हार्दिक पांड्या भी खुश दिखे। उन्होंने सबसे पहले अमरीका में रहते भारतीयों का धन्यवाद किया। हार्दिक बोले- यहां भारतीय अधिक हैं। जिस तरह से वह हमारा समर्थन करने के लिए पहुंचे हैं और फर्ज बनता है कि उनका मनोरंजन करें।

हार्दिक ने शुभमन और यशस्वी के बीच हुई साझेदारी पर बात करते हुए कहा कि वह दोनों शानदार रहे। उनके कौशल पर किसी को संदेह नहीं है। जिस तरह वे गर्मी में भागे...और...उन्होंने काम पूरा किया। यह अच्छा था। मैं जिस तरह से खेल को देखता हूं उसी तरह से कप्तानी करना पसंद करता हूं। हमें अब आगामी मैच में बल्लेबाज के रूप में जिम्मेदारी लेनी होगी और अपने गेंदबाजों की मदद करनी होगी। हार्दिक अपनी कप्तानी पर बोले कि मुझे अपनी प्रवृत्ति के साथ चलना पसंद है। पहले गेम में हमने गलती की थी। अगले दो मैचों में हमने कुछ खास नहीं किया। ये सभी खेल हमें बहुत आत्मविश्वास देते हैं। हमें कड़ी मेहनत करनी थी और अच्छी क्रिकेट खेलनी थी, लड़कों ने बिल्कुल वैसा ही किया।

# एशिया कप के लिए बांग्लादेश की टीम घोषित, तंजीद तमीम और शमीम पटोवारी नये चेहरे

**ढाका।** बांग्लादेश ने आगामी एशिया कप 2023 के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है। टीम में अनकैप्ड ओपनर तंजीद तमीम और युवा बल्लेबाज शमीम पटोवारी को पहली बार शामिल किया गया है।

स्टार ऑलराउंडर शाकिब अल हसन, जिन्हें पिछले सप्ताह तमीम इकबाल के पद से हटने के बाद बांग्लादेश का नया कप्तान नियुक्त किया गया था, 30 अगस्त से शुरू होने वाले एशिया कप के दौरान टीम का नेतृत्व करेंगे। इमर्जिंग एशिया कप में तीन अर्धशतक बनाने वाले 22 वर्षीय तंजीद को उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन का इनाम मिला है और वह तमीम की अनुपस्थिति में बांग्लादेश के लिए पारी की शुरुआत कर सकते हैं।

इस बीच, शमीम, जिन्होंने जुलाई 2021 में अपने पदार्पण के बाद से टी20 अंतरराष्ट्रीय में




काफी अच्छा प्रदर्शन किया है, को अब 50 ओवर के प्रारूप में अपने कौशल का प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा।

मार्च 2021 से वनडे सेट-अप से बाहर रहने के बाद ऑलराउंडर महेदी हसन की वापसी हुई है। अनुभवी बल्लेबाज महमूदुल्लाह ताइजुल इस्लाम और रोनी तालुकदार को टीम से बाहर कर दिया गया है, जो पिछले महीने अफगानिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला का हिस्सा थे। हालाँकि, तैजुल को सैफ हसन और तंजीम हसन साकिब के साथ स्टैंडबाय खिलाड़ियों की सूची में नामित किया गया है। एशिया कप में बांग्लादेश अपना पहला मैच 31 अगस्त को पल्लेकेले में श्रीलंका के खिलाफ खेलेगा। एशिया कप के लिए बांग्लादेश की टीम इस प्रकार है- शाकिब अल हसन (कप्तान), लिटन दास, तंजीद हसन तमीम, नजमुल हुसैन शान्तो, तौहीद हृदोय, मुश्फिकुर रहीम, मेहदी हसन मिराज, तस्कीन अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, हसन महमूद, महेदी हसन, नसुम अहमद, शमीम पटोवारी, अफीफ हुसैन, शोरफुल इस्लाम, एबादोत हुसैन, मोहम्मद नईम।

स्टैंडबायः तैजुल इस्लाम, सैफ हसन, तंजीम हसन साकिब।

# प्रो पंजा लीग के फाइनल में पहुंचे किराक हैदराबाद और कोच्चि केडीज

**नई दिल्ली।** किराक हैदराबाद और कोच्चि केडीज ने प्रो पंजा लीग के उद्घाटन सीजन के फाइनल में जगह बना ली है। पहले सेमीफाइनल में किराक हैदराबाद ने रोहतक राउडीज को 17-17 (3-1) से हराया, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में कोच्चि केडीज ने मुंबई मसल को 18-16 से मात दी।

नई दिल्ली के आईजीआई स्टेडियम में सेमीफाइनल मुकाबलों के अवसर पर ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज विजेंदर सिंह और पैरालंपिक भारत की अध्यक्ष दीपा मलिक मुकाबलों का लुत्फ लेने के लिए उपस्थित रहीं। अंडरकार्ड के बाद किराक हैदराबाद और रोहतक राउडीज के बीच मुकाबला बराबरी पर था, जिसमें जगदीश बरुआ और आस्कर अली ने किराक हैदराबाद के लिए अपने मुकाबले जीते, और रिबासुक लिंगदोह और निरल देवी ने रोहतक राउडीज के लिए




अपने-अपने मुकाबले जीते। मेन कार्ड पूरी तरह सितारों से सजा हुआ था, जिसमें संजय देसवाल ने 70 किग्रा भार वर्ग में किराक हैदराबाद के उज्ज्वल अग्रवाल को 10-0 से हराकर रोहतक राउडीज को तेज शुरुआत दी।इसके बाद किराक हैदराबाद के स्टीव थॉमस ने 70 किग्रा वर्ग के मेन कार्ड मुकाबले में राउडीज के मोहित कुमार को 10-0 से हराकर मुकाबले को फिर से बराबरी पर ला दिया। जब दिव्यांग वर्ग में रोहतक राउडीज के श्रीनिवास बीवी ने किराक हैदराबाद के बुद्दा सिंह को क्लीन स्वीप के साथ हराकर 5 अंक हासिल किए, तो मैच बचाने के लिए 90 किग्रा वर्ग के मुकाबले में किराक हैदराबाद के सिद्धार्थ मालाकार पर रोहतक के अर्शदीप सिंह पर बड़ी जीत हासिल करने की जिम्मेदारी थी। मालाकार ने निराश नहीं किया और मुकाबला 5-0 से जीतकर गेम 17-17 से बराबर कर लिया और इस तरह मुकाबला टाई-ब्रेकर तक चला गया।

टाई-ब्रेकर में, मधुरा ने अपनी टीम की हार का बदला लेने के लिए रिबासुक को पिन किया, लेकिन निर्मल देवी ने जिंसी जोस पर पिन लगाकर रोहतक के लिए स्थिति बराबर कर दी। किराक के स्टीव ने दारा को हराकर टाई-ब्रेक में अपनी टीम को 2-1 की बढ़त दिला दी, और आस्कर अली ने संजय को पिन करके टाई-ब्रेकर जीत लिया और इस तरह किराक हैदराबाद ने रोहतक राउडीज को 17-17 (3-1) से हराकर फाइनल में जगह पक्की कर ली।

दूसरे मैच में रुद्र नाइक, प्रिंस कुमार और अभिरामी पीके ने कोच्चि केडीज को 3-1 से बढ़त दिला दी। इसके बाद चेतना शर्मा ने 65 किग्रा वर्ग में मेन कार्ड में मोनिका के खिलाफ 10-0 से जीत हासिल की और इस तरह कोच्चि 13-1 से आगे हो गई। लेकिन मुंबई के चंदन कुमार बेहरा ने दिव्यांग वर्ग में कोच्चि केडीज के आसिफ अहमद को हराया और 10-0 से मुकाबला जीतकर अपनी टीम की वापसी करा दी।

# फिफ्टी लगाने वाले चौथे युवा भारतीय बल्लेबाज बने Yashasvi Jaiswal, टीम रणनीति पर कही यह बात

**लॉडरहिल।** लॉडरहिल के मैदान टीम इंडिया को विंडीज के खिलाफ चौथे टी20 मुकाबले में आसान जीत दिलाने में यशस्वी जायसवाल के साथ शुभमन गिल की उत्कृष्ट भूमिका रही। दोनों ने 179 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पहले विकेट के लिए 165 रन जोड़े। यह टीम इंडिया के लिए बड़ा रिकॉर्ड भी था। लेकिन जायसवाल इसी के साथ भारत की ओर से टी20 में फिफ्टी लगाने वाले चौथे सबसे युवा प्लेयर भी बन गए। देखें आंकड़े-

**भारत के लिए टी20आई में सबसे कम उम्र में अर्धशतक बनाने वाले खिलाड़ी**

20 वर्ष, 143 दिन रोहित शर्मा (50* बनाम द. अफ्रीका डरबन 2007)

20 वर्ष, 271 दिन तिलक वर्मा (51 बनाम वेस्टइंडीज प्रोविडेंस 2023)

21 वर्ष, 38 दिन ऋषभ पंत (58 बनाम WI चेन्नई 2018)

21 वर्ष, 227 दिन यशस्वी जयसवाल (84* बनाम वेस्टइंडीज लॉडरहिल 2023)

अपने बढ़िया प्रदर्शन के कारण जायसवाल प्लेयर ऑफ द मैच भी बने। उन्होंने मैच के बाद टीम रणनीति पर बात करते हुए कहा कि यह आसान नहीं था। मैं वहां जाकर प्रदर्शन करके खुश हूं। मैं टीम की जरूरत के मुताबिक खेलने की कोशिश करता हूं। मैं तेजी से रन बनाने की कोशिश करता हूं और पावरप्ले में शॉट खेलता हूं। यहां विकेट को पढ़ना, स्थिति को समझना, सब कुछ महत्वपूर्ण है। मैंने उनके (होल्डर और मैककॉय) खिलाफ काफी गेंदें खेली हैं, जिससे मुझे उनके खिलाफ शॉट लगाने में मदद मिली।


स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
सुरेन्द्र चोपड़ा
संस्थापक प्रधान : आदर्श रसोई, राकेश भारद्वाज चौक
चेयरमैन : वर वधु गठबंधन संस्था
चेयरमैन : क्लब पंजाबियां दा
डायरेक्टर : द सोशल वैल्फेयर एंड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन
ट्रस्टी : द राकेश भारद्वाज मैमोरियल ट्रस्ट


सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
15 August
की हार्दिक
शुभकामनाएं
AAP
AAM AADMI PARTY
नत्थूराम नागर
कपिल नागर
पूर्व चेयरमैन, सिविल लाईन जोन
युवा समाजसेवी, मॉडल टाउन


#happyindependenceday
76
आजादी का
अमृत महोत्सव
INDIA
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
रविन्द्र पाल सिंह
स्माईल जी
संरक्षक, आदर्श रसोई
राकेश भारद्वाज चौक


सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
AAP
AAM AADMI PARTY
रिंकू माथुर
पूर्व निगम पार्षद, संगम पार्क वार्ड